26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 19 जनवरी, 2026

अंक- 87 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# 'भारत में खेलो या बाहर हो जाओ'

## आईसीसी की बांग्लादेश को अंतिम चेतावनी!

**दुबई ( एजेंसी/चिंगारी )।** टी20 विश्व कप 2026 में बांग्लादेश की भागीदारी को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को साफ कह दिया है कि टीम भारत में ही खेलेगी, नहीं तो उसकी जगह दूसरी टीम को शामिल किया जाएगा। आईसीसी ने 21 जनवरी तक का समय दिया है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड अंतिम फैसला बताकर स्थिति स्पष्ट करे। यह जानकारी ईएसपीएन क्रिकइनफो की रिपोर्ट के जरिए सामने आई। इस मामले में अब पाकिस्तान भी कूद पड़ा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईसीसी के सामने बात न चलने पर अब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से संपर्क कर मदद की गुहार लगाई है। शनिवार को ढाका में हुई बैठक में बीसीबी ने अपना रुख दोहराया कि वे वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं, लेकिन भारत में नहीं।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका का विकल्प दिया, जो टी20 वर्ल्ड कप का सह-आयोजक भी है, लेकिन आईसीसी ने शेड्यूल और ग्रुपिंग में बदलाव से साफ इनकार कर दिया।

# मुलायम परिवार से बाहर होंगी अपर्णा

## प्रतीक लेंगे तलाक

### बोले- स्वार्थी महिला



**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी ( सपा ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव और उनकी पत्नी अपर्णा यादव के वैवाहिक जीवन को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई है। प्रतीक यादव के नाम से चल रहे इंस्टाग्राम अकाउंट 'आई एम प्रतीक यादव' से साझा की गई एक पोस्ट में विवाह संबंधों में तनाव का दावा करते हुए तलाक की बात कही गई है। इंस्टाग्राम पोस्ट में प्रतीक यादव ने लिखा है कि जल्द से जल्द तलाक की प्रक्रिया पूरी करना चाहते हैं। पोस्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि वह अब इस रिश्ते को आगे नहीं बढ़ाना चाहते और अलग होने का निर्णय ले चुके हैं। पोस्ट में अपर्णा यादव को लेकर कई गंभीर आरोप लगाये गए हैं। उन्होंने अपर्णा यादव को 'स्वार्थी महिला' बताते हुए लिखा कि उनकी वजह से उनका पूरा परिवार बिखर गया। प्रतीक के अनुसार, उनकी पत्नी के व्यवहार ने पारिवारिक रिश्तों में कड़वाहट और दूरी पैदा कर दी। प्रतीक यादव ने आरोप लगाया कि अपर्णा यादव केवल अपनी प्रसिद्धि, प्रभाव और सार्वजनिक पहचान बढ़ाने में लगी रहीं। उन्होंने कहा कि निजी रिश्तों और पारिवारिक मूल्यों की अनदेखी की गई, जिससे उनका वैवाहिक जीवन लगातार तनावपूर्ण होता चला गया। साथ ही पोस्ट में यह दावा भी किया गया है कि वैवाहिक संबंधों पर इसका असर पड़ा और घरेलू परिस्थितियां लगातार बिगड़ती चली गईं।

# मुंबई मेयर रेस! उद्धव ठाकरे का 'मास्टरस्ट्रोक' बिगाड़ सकता है शिंदे का खेल



**मुंबई ( एजेंसी/चिंगारी )।** बृहन्मुंबई नगर निगम चुनावों में महायुति की बड़ी जीत के बाद अब असली मुकाबला 'मुंबई के मेयर' की कुर्सी को लेकर शुरू हो गया है। जहां एक तरफ भारतीय जनता पार्टी और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के बीच खींचतान जारी है, वहीं सूत्रों का दावा है कि उद्धव ठाकरे एक ऐसी चाल चल सकते हैं जो शिंदे की मोलभाव करने की शक्ति को पूरी तरह खत्म कर सकती है। सूत्रों के अनुसार, शिवसेना शिंदे ने मांग की है कि मेयर का पद पहले साल के लिए पार्टी को दिया जाएताया। मुंबई में बीजेपी और शिवसेना शिंदे की कुल ताकत 118 है, जो बहुमत बहुमत से चार ज़्यादा है। सूत्रों के अनुसार, शिवसेना उद्धव गुट बीएमसी सदन में मेयर चुनाव के दौरान अपने सभी पार्षदों द्वारा वॉकआउट कराने पर विचार कर सकता है। इस तरह के कदम से वोटिंग के समय सदन की प्रभावी ताकत कम हो जाएगी, जिससे बीजेपी के लिए अपने दम पर बहुमत हासिल करना आसान हो जाएगा। इससे मेयर के पद को लेकर बातचीत में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की सौदेबाजी की ताकत काफी कमजोर हो सकती है।

# पश्चिमी विक्षोभ के असर से बदलेगा उप्र का मौसम

## 22 से बारिश के आसार

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** लगातार सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से उत्तर प्रदेश में अगले 48 घंटों के दौरान तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। इसके साथ ही घने कोहरे में भी कमी आने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, 22 जनवरी से प्रदेश में बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बीते कुछ दिनों से रात के तापमान में जो गिरावट देखी जा रही थी, वह अब थम गई है। हालांकि हल्की बढ़ोतरी के बावजूद शनिवार रात को प्रदेश के मध्य हिस्सों हरदोई, अमेठी, अयोध्या और बाराबंकी में आंशिक शीतलहर की स्थिति बनी रही। उन्होंने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण हवा की दिशा में बदलाव हुआ है, जिसके चलते अगले 24 से 48 घंटों में तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

आर्मी मैन व पुलिसकर्मियों के लिये 5,000/- रुपये की आकर्षक छूट

अब एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर की सर्विस सेंटर आपके ध्रुविका मोटर्स पर उपलब्ध है।

एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक



एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# प्रशासन की कार्रवाई के विरुद्ध बंगाली समाज ने भरी हुंकार

## कलेक्ट्रेट जाने से रोका तो नुमाइश ग्राउंड में दिया धरना





बिजनौर ( चिंगारी )। दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग ( एनएच-119 ) पर हेमराज बंगाली कॉलोनी के सामने अंडरपास की मांग कर रहे बंगाली समाज के लोगों के साथ जिला प्रशासन ने जो रवैया अपनाया, उसने लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनहित के दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। नौ माह से शांतिपूर्ण धरना दे रहे ग्रामीणों को न सिर्फ नजरबंद किया गया, बल्कि शनिवार की रात को अंधेरे का फायदा उठाकर धरना स्थल पर जबरन मिट्टी डलवाकर सड़क निर्माण का कार्य शुरू करा दिया गया।

18 अप्रैल 2025 से हेमराज बंगाली कॉलोनी और आसपास के दर्जनों गांवों के लोग अंडरपास की मांग को लेकर शांतिपूर्वक धरने पर बैठे थे। उनके अनुसार यह अंडरपास उनकी रोजमर्रा की आवाजाही, बच्चों की सुरक्षा और ग्रामीण जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक बताया जा रहा है। इस दौरान ग्रामीणों ने सांसद, विधायक, सड़क परिवहन मंत्री सहित तमाम जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से अंडरपास की गुहार लगाई। आश्वासन भी मिले, लेकिन समाधान शून्य रहा।



कलेक्ट्रेट के बाहर तैनात पुलिस बल।

शनिवार की रात को करीब साढ़े दस बजे भारी पुलिस बल के साथ प्रशासन ने हेमराज कॉलोनी को चारों ओर से घेर लिया। आरोप है कि ग्रामीणों को उनके ही गांव में कैद कर दिया गया और जहां अंडरपास की मांग को लेकर धरना चल रहा था, वहां लगे टेंट पर मिट्टी डालकर सड़क का निर्माण कार्य करा दिया गया। उल्लेखनीय है कि बंगाली समाज के लोगों का धरना पूरी तरह शांतिपूर्ण था और किसी प्रकार की कानून-व्यवस्था की कोई समस्या नहीं थी।

इस कार्रवाई से आक्रोशित बंगाली समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना देना चाहते थे, लेकिन प्रशासन ने भारी पुलिस बल तैनात कर उन्हें कलेक्ट्रेट जाने से रोक दिया गया। बंगाली समाज के आक्रोशित लोग नुमाइश ग्राउंड में धरना देकर बैठ गये। हालांकि बाद में उन्हें कलेक्ट्रेट जाने की इजाजत दे दी गई।

बंगाली समाज के लोगों का आरोप है कि एनएचआई के अधिकारियों ने जहां अंडरपास की आवश्यकता नहीं थी, वहां एक की जगह दो-दो अंडरपास बना दिए, जबकि हेमराज कॉलोनी जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र को जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है। यह निर्णय प्रक्रिया की पारदर्शिता और समानता पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है। बंगाली समाज के प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व दीपक कुमार, पंकज डाली, बाबू अधिकारी, पंकज अधिकारी, नेपाल मण्डल, सपन प्रधान, गोविंद प्रधान, निरंजन, भारतीय किसान संघ के अनेक पदाधिकारी, कलाईनी, गीता, संगीता, सावित्री, अंजलि, शैफाली, सरोला, सोती रानी, जगेत तारा आदि ने किया।

लोकतंत्र में सरकार का काम जनता की आवाज सुनना होता है, न कि रात के अंधेरे में उसे मिट्टी में दबा देना। उल्लेखनीय है कि नेशनल हाईवे अर्थोरिटी ने हेमराज कॉलोनी के सामने अंडरपास निर्माण के प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया है। बंगाली समाज के लोगों के धरने के कारण करीब एक किलोमीटर दूरी में सड़क का निर्माण रुका हुआ था, जिसे अब चालू कर दिया गया है। वहां तेजी से सड़क का निर्माण किया जा रहा है।

### सदमे से एक की मौत

हेमराज बंगाली कॉलोनी के लोगों को उम्मीद थी कि उनके धरने पर बैठने से अंडरपास बन जायेगा, लेकिन 9 महीने धरने पर बैठने के बावजूद कोई परिणाम नहीं निकला। हेमराज बंगाली कॉलोनी निवासी करीब 60 वर्षीय मलीन बाला नामक व्यक्ति ने जब अंडरपास बनने की बजाये वहां एनएचएआई द्वारा सड़क का निर्माण होते देखा तो उसे ऐसा सदमा लगा कि उसकी मौत हो गई। बंगाली समाज के लोगों का आरोप है कि मलीन बाला की मौत का जिम्मेदार एनएचएआई अर्थोरिटी है।

## राजा की समाधि मंदिर पर किया गया भंडारे का आयोजन

मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )। क्षेत्र के मुस्सेपुर में राजा की समाधि मंदिर पर मंडावली निवासी अमित कर्णवाल की ओर से एक भंडारे का आयोजन कराया गया। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पंडित नरेंद्र शर्मा ने मुख्य यजमान अमित कर्णवाल पत्नी लक्ष्मी कर्णवाल को विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कराई। श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना में सम्मिलित होकर मंत्रोचारण के साथ हवन में आहुतियां प्रदान कर सुख समृद्धि की कामना की। भगवान की आरती के बाद भगवान को प्रसाद का भोग लगाया गया। कन्याओं को श्रद्धापूर्वक जिमाया गया। इस मौके पर अनिल कर्णवाल, राजेश कर्णवाल, भूषण कर्णवाल, नीलम कर्णवाल, सारिका कर्णवाल, माया देवी, नीलम कर्णवाल, गीता कर्णवाल, सुनीता कर्णवाल, पूनम रानी, शैली कर्णवाल, मिथलेश कर्णवाल, उर्मिला त्यागी, विशाल कर्णवाल, आदित्य कर्णवाल, कार्तिक कर्णवाल, तरंग कर्णवाल, आयुषी कर्णवाल, प्रियांशी कर्णवाल, सोनू, दीपक कर्णवाल, स्पर्श कर्णवाल, अक्षर कर्णवाल, नितिन कर्णवाल, नवीन कर्णवाल, शुभम कर्णवाल, देवेंद्र शर्मा, सोनू, आदेश कुमार, सुशील वालिया, नरेश वालिया, संजय कुमार, आकाश कुमार, भूपेंद्र चौहान, अरुण चौहान, राजकुमार प्रजापति, भीमसैन, सागर सिंह, मोनू, राजीव शर्मा, वीरेंद्र त्यागी, नीरज सिंह, सुधीर, रामसिंह, राजबहादुर कर्णवाल, सुधा कर्णवाल, रमता कर्णवाल, सीमा कर्णवाल, मुंशी लाला आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### सूचना

मेरा पुत्र विशाल कुमार गुप्ता मेरे कहने में नहीं है, उसके व्यवहार से तंग व परेशान होकर मैंने व मेरी पत्नी ने उससे सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है, हमने उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में विशाल कुमार गुप्ता अपने किसी भी कृत्य व लेनदेन के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।

-अशोक कुमार गुप्ता पुत्र दीपचन्द गुप्ता निवासी ग्राम लाहक खुर्द थाना मण्डावली तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर

# लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में SIR महत्वपूर्ण क़दम- लोकेन्द्र चौधरी

**झालू ( चिंगारी )।** नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने अपनी टीम के साथ विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत (एस आई आर) के निमित्त झालू मण्डल के खारी शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 355 के मतदान केन्द्र पर जाकर फॉर्म 6 व नए मतदाताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। रविवार को मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान (एस आई आर) के अंतर्गत झालू मण्डल के खारी शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 355 मतदान केन्द्र पर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत शक्ति केंद्र पर फॉर्म-6 भरवाए गये।



इस अवसर पर चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी ने कहा की मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना अत्यंत आवश्यक है। प्रवासी मतदाताओं और नए मतदाताओं को जोड़ने से न केवल मतदान प्रतिशत बढ़ेगा, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अधिक सशक्त होगी। हम सभी का दायित्व है कि वे घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करें और किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने न पाए। अभियान के दौरान मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला और लोगों ने बढ़-चढ़कर अपने नाम मतदाता सूची में जुड़वाने की प्रक्रिया पूरी की। इसी क्रम में नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए फार्म-6 भरकर बूथ अध्यक्ष व बीएलओ एवं सभी ने मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाई।

## डा. तेजपाल सिंह की धर्मपत्नी को श्रद्धांजलि अर्पित की



**बिजनौर ( चिंगारी )।** ग्राम इनामपुरा के मूल निवासी एवं वर्तमान में गीता नगरी निवासी डा. तेजपाल सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती गेहलता की आरिष्टी का कार्यक्रम नगर के एक बैंकट हॉल में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नगर व जनपद के गणमान्य नागरिकों ने श्रीमती गेहलता को श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकाकुल परिवार की ओर से डा. बीरबल सिंह ने आगंतुकों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। मुख्य रूप से हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति राम अवतार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह, पालिका अध्यक्ष इन्दिरा सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष हेमेन्द्र पाल सिंह व सुभाष वाल्मीकि, झालू चेयरमैन लोकेन्द्र चौधरी, वरिष्ठ शिक्षक नेता सुरेन्द्र मलिक, वरिष्ठ रालोद नेता अशोक चौधरी तथा नगर के प्रमुख चिकित्सकों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि।

## रासेयो शिविर में महिला सशक्तिकरण दिवस मनाया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गीता इंटर कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम ईकाई की स्वयंसेविकाओं द्वारा ग्राम तीबड़ी में आयोजित सात दिवसीय शिविर का द्वितीय दिवस महिला सशक्तिकरण दिवस के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका की सभासद श्रीमती डोली मौजूद रहीं। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को उनके कर्त्तव्यों के प्रति सचेत किया। उन्होंने कहा कि महिला परिवार व समाज की दूरी है। कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपा रानी ने भी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर छात्राओं ने गांव में एक रैली भी निकाली। सर्वश्री तिलक राम, हिमांशु सैनी, विशाल दीप राय, गजराज सिंह रवि, फहीम अहमद, श्रीमती रीना रानी, शैली राजपूत, राजबाला, कु. रूहिना अंसारी, कृष्णकुमार आदि मौजूद रहे।

नगर में पहली बार शुद्धता का युग परिवर्तन लेकर आये
SJ Siddharth Jewellers
गवर्नमेंट अप्रूव्ड
सिद्धार्थ ज्वैलर्स
गोल्ड टेस्टिंग मशीन



अपना पुराना सोने का आभूषण लायें, 100% शुद्धता की जांच कराएं



अन्य सेवाएं-
➢100 %गोल्ड ज्वैलरी एक्सचेंज सुविधा।
➢डायमण्ड ज्वैलरी पर 40 % तक की विशेष छूट (डायमण्ड वैल्यू पर)
➢22 KT एक्सक्लूसिव HUID हॉलमार्क ज्वैलरी
सदर बाजार, बिजनौर, मो. 7310695957

## फील्ड ऑफिसर ने पंखे से लटककर आत्महत्या की

**चांदपुर ( चिंगारी )।** बजाज फाइनेंस कंपनी में फील्ड आफिसर ने पंखे से लटक कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के मुताबिक ग्राम नकटवा लालगंज रायबरेली निवासी फील्ड ऑफिसर हरिओम सिंह ( 25 वर्ष ) पुत्र भोला सिंह यहां स्टेशन रोड पर ललता बिल्डिंग में पिछले डेढ़ वर्ष से किराये पर रह रहा था। उसके साथ हापुड़ निवासी शीतल नामक युवती भी रहती थी। बताया जाता है बीती रात कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। बाद में शीतल के सामान लेने चले जाने पर हरिओम ने पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!



MEVRICK 440 पर पायें 50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
आकर्षक उपहार



XTREME 160 पर पायें 10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

**भली** लगे या **बुरी** ...

## हर जगह दादागीरी

1990 में अमेरिकी कार्रवाई के चलते इराकी गार्ड को कुवैत को खाली करना पड़ा। इसके बाद इराक अमेरिका का कट्टर दुश्मन बन गया। वैसे लंबे समय तक चले ईरान-इराक युद्ध के पीछे भी अमेरिकी हित काम कर रहे थे। तब दुनिया दो धुवीय थी। एक तरफ सोवियत संघ की अगुआई में विश्व का एक बड़ा हिस्सा काम कर रहा था तो दूसरी ओर अमेरिकी अगुआई में ज्यादातर नाटो देश सक्रिय थे। अफगानिस्तान में जब पिछली सदी के अस्सी के दशक में सोवियत सेनाएं घुसीं, तब सोवियत संघ को काबू करने के लिए अमेरिकी सरकार ने पाकिस्तान का उपयोग किया और एक तरह से पाकिस्तान को अपना अघोषित उपनिवेश बना लिया।

भारत और पाकिस्तान के बीच हुए 1965 और 1971 के युद्धों में अमेरिका में चाहे जिसकी भी सरकार रही हो, अमेरिकी सेनाओं और सरकार ने परोक्ष रूप से पाकिस्तान का साथ दिया और भारत का विरोध किया। साल 2024 में हुए बांग्लादेश में विद्रोह और शेख हसीना के तख्तापलट के पीछे भी अमेरिकी एजेंसियों के हाथ को लेकर संदेह जताया जाता है। साल 2010 के दिसंबर में ट्यूनिशिया में शुरू हुई पिंक क्रांति, जिसे अरब क्रांति के नाम से भी जाना जाता है, की बुनियाद पर अरब देशों में कार्रवाई करने और तख्तापलट के पीछे भी अमेरिकी एजेंसियों के सहयोग को देखा जाता है। अमेरिकी एजेंसियों की ही शह पर लीबिया से गद्दाफी की विदाई हुई, सीरिया अब भी जल रहा है। निश्चित तौर पर अमेरिकी प्रतिकार में शीत युद्ध के दिनों में सोवियत संघ कभी प्रत्यक्ष तो कभी परोक्ष काम करता था, अब दुनिया की दूसरे नंबर की आर्थिक महाशक्ति बन चुका चीन कर रहा है। हाल ही में वेनेजुएला के जिन मादुरो की सत्ता को अमेरिकी सेनाओं ने पलट दिया, उन्हें चीन का खुला समर्थन मिल रहा था। शीत युद्ध के दिनों में सोवियत संघ और उसकी सेना ऐसे हालात में अमेरिकी सेनाओं का परोक्ष विरोध करती थी, वैसा चीन नहीं कर पाया। कह सकते हैं कि अमेरिका में हर सत्ता ने वैश्विक ताकत क्रम में खुद को सर्वोच्च बनाए रखने के लिए अपने हिसाब से दादागीरी दिखाई है।

# डोनाल्ड ट्रंप की 'गुण्डागर्दी'

## भारत सरकार को करना चाहिए पुरजोर विरोध


नज़रिया

नये साल का आगाज होते ही जिस प्रकार डोनाल्ड ट्रंप द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को उनकी पत्नी सहित रातों-रात उठाकर अमेरिका ले जाया गया और यह घोषणा भी की गई कि अब वेनेजुएला को हम चलाएंगे, जैसे कोई गुंडा किसी जमीन पर कब्जा कर लेता है और कहता है कि अब यह जमीन मेरी है, हिम्मत है तो लेकर दिखा। वह वास्तव में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद शायद विश्व इतिहास की सर्वाधिक अनोखी और हतप्रभ करने वाली घटना है। रूस और चीन जैसे शक्तिशाली और बड़े देशों ने भी यह कल्पना शायद कभी न की हो कि उनके मित्र मादुरो को इस प्रकार से उठा लिया जाएगा। वेनेजुएला के राष्ट्राध्यक्ष के ऊपर आरोप है कि वह ड्रग्स की तस्करी करते हैं, लेकिन वास्तविकता प्रत्येक व्यक्ति को मालूम है कि इस सबके पीछे तेल है। अमेरिका का वर्तमान राष्ट्रपति दुनिया भर के संसाधनों को अपने कब्जे में लेना चाहता है। ऐसा पहली बार नहीं है कि अमेरिका ने इस प्रकार का कोई कदम उठाया है, लेकिन इस बार ऐसा लगता है कि राष्ट्रपति ट्रंप शायद किसी जल्दी में हैं। जिस प्रकार से न केवल वेनेजुएला में, बल्कि ईरान के प्रति भी जो उनका रवैया है, उसे तानाशाही से भरा हुआ माना जा सकता है। ऐसा लगता है कि राष्ट्रपति ट्रंप विश्व के अनेक देशों में जल्दी-जल्दी सत्ता परिवर्तन करना चाहते हैं तथा अपनी मनपसंद सरकारों को बैठना चाहते हैं। इतना ही नहीं, हाल ही में एयर फोर्स वन में राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के विषय में एक अत्यंत अपमानजनक तरीके से उपहास पूर्ण टिप्पणी की गई, जिसमें कहा गया कि ट्रंप की इच्छा के अनुसार भारत अब रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा। यहां यह भी जोड़ना जरूरी है कि अभी हाल ही में राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा यह भी कहा गया है कि वह ग्रीनलैंड पर कब्जा करने जा रहे हैं और यहां तक कहा गया कि ग्रीनलैंड के लोगों को बात अच्छी लगे या न लगे, वह उस पर कब्जा करके ही रहेंगे। ट्रंप कि इस बात से लगता है कि वह किसी देश का राष्ट्रपति नहीं, बल्कि एक अंतरराष्ट्रीय भू माफिया है, जो दुनिया भर की समस्त संसाधन पूर्ण जमीनों पर कब्जा करना चाहता है। इस सबके साथ ही उसके द्वारा एक बिल लाया जा रहा है, जिसमें उन देशों पर जो रूस से कच्चे तेल की खरीद करेंगे, 500 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा।



डोनाल्ड ट्रंप

उक्त सभी बातों को देखते हुए मैं यह मानता हूं कि इसे एक अंतरराष्ट्रीय गुंडागर्दी कहा जाए, जिसमें कि एक अंतरराष्ट्रीय गुंडा पूरे विश्व को धमका रहा है। ऐसी स्थिति में एक भारतीय होने के नाते मेरा मानना है कि राष्ट्रपति ट्रंप के उक्त सभी कदमों की जितनी भर्त्सना की जाए, उतना कम होगा। ट्रंप की इन हरकतों की निंदा केवल भारत में या विश्व में ही नहीं, बल्कि उसके स्वयं के देश में भी की जा रही है। आज से कुछ दिन पहले एक एक्टिविस्ट की %ट्रंप की पुलिस% के द्वारा हत्या कर दी गई और उसके बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रंप ने उक्त महिला का मजाक उड़ाया तथा उसे पेड एक्टिविस्ट अर्थात पैसे लेकर प्रदर्शन करने वाली महिला बताया। जो व्यक्ति अपने स्वयं के देश के नागरिकों के प्रति इतना क्रूर और असंवेदनशील हो, उससे किसी प्रकार की अपेक्षा रखना अनौचित्यपूर्ण बात होगी। यहां साथ ही यह भी याद रखना जरूरी है कि विगत वर्ष जब भारतीयों को अमेरिका से भारत प्रत्यारोपित किया गया तो उन्हें अमेरिकी वायुसेना के विमान में हथकड़ी लगाकर लाया गया। उक्त सभी कृत्यों की मैं पुरजोर निंदा करता हूं और विरोध करता हूं। भारत एक संप्रभु राष्ट्र है यह निर्धारित करना कि भारत कच्चा तेल किस देश से खरीदेगा, अमेरिका के राष्ट्रपति का कार्य नहीं है, बल्कि यह भारत के नीति निर्माता स्वयं निर्णय लेंगे। मेरी वर्तमान भारत सरकार से अपील है की डोनाल्ड ट्रंप द्वारा की जा रही इस प्रकार की अनर्गल और अतार्किक बातों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरजोर विरोध किया जाए और साथ ही ट्रंप को किसी अच्छे मानसिक चिकित्सालय में भर्ती कराया जाये।



**सुरेन्द्र मलिक**
वरिष्ठ शिक्षक नेता, चांदपुर

# देश का भविष्य किनके हाथों में?

भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहलाता है। संसद को देश का लोकतांत्रिक मंदिर कहा जाता है, जहां से जनता की आवाज को कानून का रूप दिया जाता है। लेकिन एक कड़वा और चिंताजनक सवाल देश के सामने यह है कि जब संसद में बैठने वाले माननीय ही गंभीर आपराधिक आरोपों से घिरे हों, तो वे आम जनता के लिये नैतिकता और न्याय पर आधारित कानून किस मुंह से बनायेंगे।

किसी से छिपा नहीं है कि चुनावी हलफनामों, न्यायिक टिप्पणियों और सामाजिक संगठनों की रिपोर्टों में यह स्थिति बार-बार सामने आयी है कि संसद और विधानसभाओं में बड़ी संख्या में ऐसे जनप्रतिनिधि मौजूद हैं, जिन पर बलात्कार, महिलाओं पर अत्याचार, भ्रष्टाचार, हत्या, सरकारी धन के गबन, नफ़रत फैलाने वाले भाषण, जातिवाद को बढ़ावा देने और देश की एकता-अखंडता को नुकसान पहुंचाने जैसे गंभीर आरोप दर्ज हैं। यह स्थिति न केवल शर्मनाक है, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा पर सीधा आघात भी है।

विडंबना है कि जिस संसद से देश के लिये कानून बनते हैं, वहीं बैठे लोग खुद कानून के कटघरे में खड़े हैं। इस स्थिति में आम नागरिक के मन में न्याय व्यवस्था के प्रति भरोसा कैसे बचेगा? गरीब, दलित, पिछड़े, महिला, दिव्यांग वर्ग के लोगों को जब अन्याय सहना पड़ता है, तब वही लोग उन्हें कानून और संविधान की दुहाई देते हैं। जबकि उनके अपने दामन दागदार होते हैं।

देश में महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। संसद में बैठे कई ऐसे चेहरे हैं, जिन पर स्वयं यौन शोषण या महिलाओं पर अत्याचार के गंभीर आरोप हैं। ऐसे लोग महिला सुरक्षा, नारी सम्मान और महिला सशक्तिकरण पर भाषण देते हैं, तो आंखें आश्चर्य से फटी रह जाती हैं।



काफी नेता सत्ता पाने के लिये समाज को जाति, धर्म और नफ़रत के आधार पर बांटने का काम करते हैं। हेट स्पीच देकर सामाजिक सौहार्द को तोड़ा जाता है। देश को बांटने की कोशिश करने वाले जब नीति-निर्माता बन जाते हैं, तब राष्ट्र की एकता और अखंडता खतरे में पड़ जाती है। करोड़ों-अरबों के घोटाले, सरकारी योजनाओं में बंदरबांट, गरीबों के हक का पैसा हड़पना, यह सब आज की राजनीति का हिस्सा बन गया है। ऐसे लोग सत्ता के शीर्ष पर विराजमान रहते हैं, क्योंकि अपराधीकरण अब राजनीति की योग्यता बनता जा रहा है।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जो खुद दागदार हैं, वे देश को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण कैसे प्रदान कर सकते हैं? अगर संसद का मंदिर ही अपवित्र हो जायेगा, तो लोकतंत्र की नींव कैसे सुरक्षित रहेगी? यदि देश का भविष्य उज्ज्वल करना है, तो दागदार राजनीति को अस्वीकार करना ही होगा। अब सवाल यह नहीं है कि देश कहां जा रहा है, बल्कि सवाल यह है कि हम देश को किसके हाथों में सौंप रहे हैं।

मेरा मत है कि आपराधिक छवि वाले उम्मीदवारों का सामाजिक बहिष्कार हो, राजनीतिक दलों की जवाबदेही तय हो,जनता जागरूक होकर मतदान करे तथा मीडिया और न्यायपालिका इस मुद्दे पर कठोर रुख अपनाये।

**मा. भूपेन्द्र सिंह दिव्यांग** (शिक्षक एवं विचारक)
तैय्यबपुर गौरवा उर्फ गौसपुर

# डीएम व एडीएम ने किया मतदेय स्थलों का निरीक्षण

## रविवार को बूथों पर हुआ विशेष अभियान का आयोजन

**बिजनौर (चिंगारी)।** उपजिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के अन्तर्गत विशेष अभियान रविवार को जनपद में प्रत्येक मतदेय स्थल पर बूथ लेवल अधिकारी (एसआईआर) द्वारा प्रात: 10:30 बजे से अपराह्न 4:30 बजे तक उपस्थित रहकर मतदाताओं की उपस्थिति में आलेख्य मतदाता सूची एवं एएसडीडी सूची को पढ़कर सुनाया गया। इस दौरान प्रत्येक मतदेय स्थल पर आलेख्य मतदाता सूची के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में फॉर्म-6, 6ए, 7, फॉर्म-8 एवं



घोषणा पत्र की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। मतदाताओं की सुविधा एवं कार्यों की निगरानी हेतु बीएलओ सुपरवाइजर, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा भी अपने-अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले मतदेय स्थलों का भ्रमण किया गया। साथ ही जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 22-बिजनौर के 244-आर्य वैदिक कन्या इण्टर कालेज बिजनौर, 310-प्रावि लूईसली पारकर बिजनौर एवं 182-प्रावि नई बस्ती, काशीराम आवास कालोनी बिजनौर का निरीक्षण किया गया एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र नगीना, दयानन्द इण्टर कॉलेज कोतवाली, जनता इण्टर कॉलेज कोतवाली तथा विधानसभा क्षेत्र बढ़ापुर के संविलियन विद्यालय, आसफाबाद चमन एवं प्रावि सलावतपुर गिरधर इत्यादि मतदेय स्थलों पर भ्रमणशील रहकर संपूर्ण प्रक्रिया का स्वयं पर्यवेक्षण किया गया।



## लाभार्थियों को कार्ड बांटे

**चांदपुर (चिंगारी। नगर पालिका परिषद चांदपुर में आयोजित कार्यक्रम में आईएएस अधिकारी कुणाल रस्तोगी व चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को कार्ड वितरित किये गये। इस अवसर पर नगर पालिकाकर्मी अली जकावत, सभासद शेख रईस अहमद, मौ. परवेज, शाहनवाज उर्फ सोनू, मौ. जाकिर, फिजाउर्रहमान एडवोकेट, मौ. अशरफ आदि मौजूद रहे। मालूम हो कि आईएएस अधिकारी कुणाल रस्तोगी ने शनिवार को ही नगर पालिका परिषद चांदपुर के अधिशासी अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया था।**

## विदेश भेजने के नाम पर की धोखाधड़ी

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने और रकम हड़पने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने दो व्यक्ति के खिलाफ नामजद तहरीर देते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र में ग्राम माननगर निवासी भूपेंद्र कुमार पुत्र सुरेश सिंह ने पुलिस अधीक्षक बिजनौर के यहां क्षेत्र के ग्राम भागीजोत निवासी शाहनवाज व शाहरुख के खिलाफ दिये प्रार्थना-पत्र में आरोप लगाया कि उन्होंने उसे विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी की और एक लाख दस हजार रुपए हड़प लिए। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत होने की पुष्टि करते हुए बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring | Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to: manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE: K-814, Noratan Building, Mata Chowk
Vasant Kunj New Delhi.

## गैंग बनाकर करते थे अपराध दो को दो-दो वर्ष का कारावास

**बिजनौर (चिंगारी)।** विशेष सत्र न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट न्यायाधीश तालेवर सिंह ने गैंग बनाकर अपराध करने के दो अलग-अलग मामलों में बलजीत सिंह और मुरसलीन उर्फ गुरु को दोष सिद्ध पाकर दो-दो वर्ष की कैद और पांच-पांच हजार रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक सलीम अख्तर के अनुसार थाना अध्यक्ष हल्दौर दुर्गेश कुमार ने प्रदीप कुमार और बलजीत सिंह के खिलाफ गैंगस्टर के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जबकि दूसरे मामले में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली शहर गुरदीप सिंह ग्रेवाल ने शाहनवाज, गुलाम रसूल, मुरसलीन उर्फ गुरु के खिलाफ गैंगस्टर के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें गैंग बनाकर अपराध करना दिखाया। इस मामले में बलजीत और मुरसलीन उर्फ गुरु ने न्यायालय में प्रार्थना-पत्र देकर अपनी-अपनी पत्रावली अन्य आरोपितों से अलग कर शीघ्र सुनवाई की मांग की, जिस पर न्यायालय ने उनकी पत्रावली अलग कर सुनवाई की सजा सुनाई है।



## शेरकोट में हुआ विराट हिन्दू सम्मेलन

**शेरकोट (चिंगारी)।** हादकपुर मार्ग पर स्थित मां तारा देवी आश्रम पर एक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में एकजुटता, हिंदू संस्कृति व संस्कारों पर जोर दिया गया। रविवार की दोपहर आयोजित हुए हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ सम्मेलन समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह द्वारा भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया।




पंडित निकिता कौशिक व श्वेता त्यागी ने छंदों सहित रामायण गायन व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और पंडित पारस द्वारा संगीतमय हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। सम्मेलन को अतिथि मोहन सिंह, अनिल कुमार, डॉ. आदित्य अग्रवाल व हिंदू सम्मेलन समिति के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने सम्बोधित किया। वक्ताओं ने राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ यात्रा के बारे में बताया और हिंदुत्व सहित पांच परिवर्तन के सभी मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए इन्हें अपनाने पर जोर दिया। भारत माता की आरती कर चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर समापन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेंद्र सिंह ने की और संचालन पंडित कृष्ण कुमार कौशिक ने किया और जयप्रकाश सिंह, रामनारायण सिंह, छत्रपाल सिंह, संजीव कुमार, मास्टर लक्ष्मण सिंह, अतुल कुमार सिंह, रघुवीर सिंह, लाजपत राय, बृजपाल सिंह, रामअवतार सिंह, दिलीप सिंह, मंडल कार्यवाह उमेश कुमार, धर्मवीर चौहान, अभिषेक कोहली, सौरभ शर्मा, अवनीश कुमार उर्फ बिट्टू भैया, नितिन कुमार, वीरेंद्र कुमार, पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह, रणजीत सिंह, योगेंद्र सिंह, प्रखर सिंह, मदनपाल सिंह, गौरव कुमार, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

# धामपुर में हुई गन्ना समितियों के सभापतियों की अहम बैठक

## ✦चेयरमैन संघ के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया ✦अधिकारों व हितों की रक्षा पर जोर दिया

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर गन्ना समिति के सभागार में जनपद भर की गन्ना समितियों के सभापतियों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में बस्ती से पहुंचे चेयरमैन संघ के प्रदेशाध्यक्ष सिद्धांत सिंह एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अरविंद सिंह का सभापतियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से समिति संचालन में अधिकारियों के बढ़ते हस्तक्षेप को सीमित किए जाने तथा संचालक बोर्ड के अधिकारों और हितों की सुरक्षा पर जोर दिया। प्रदेशाध्यक्ष सिद्धांत सिंह ने कहा कि चेयरमैन संघ प्रदेशभर की गन्ना समितियों के सभापतियों एवं गन्ना किसानों से जुड़ी समस्याओं को पूरी मजबूती के साथ शासन और प्रशासन के समक्ष रखने का कार्य कर



रहा है। उन्होंने कहा कि पारदर्शी विकास, समितियों का सशक्त संचालन और गन्ना किसानों के विश्वास को बनाए रखना संघ की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बैठक के दौरान सभापतियों ने मांग रखी कि समिति में विकास कार्यों के लिए निकलने वाले टेंडरों की कमेटी में समिति अध्यक्ष को भी अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। प्रदेशाध्यक्ष ने जानकारी दी कि समिति अध्यक्ष को गन्ना केंद्रों के निरीक्षण का जो अधिकार पहले बाधित था, उसे गन्ना विभाग से वार्ता कर अध्यक्षों और सचिवों को पुन: दिला दिया गया है। इसके अलावा समिति में आउटसोर्सिंग के माध्यम से रखे जाने वाले कर्मचारियों की नियुक्ति कमेटी में संबंधित समिति अध्यक्षों को शामिल किए जाने के आदेश भी जारी करा दिए गए हैं। इसके साथ ही आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभाग में इंजीनियरों की नियुक्ति कर समिति स्तर पर विकास कार्यों को तेजी से शुरू कराए जाने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में धामपुर गन्ना समिति के चेयरमैन मोहन सिंह उर्फ रामवीर सिंह, अफजलगढ़ से मलकीत सिंह, स्योहारा से सुशील कुमार, चांदपुर से राहुल चौधरी, बिजनौर से राजेंद्र सिंह, नूरपुर से अमित चौधरी, हल्दौर से नरेश चौधरी, नगीना से अनिल कुमार राणा, नजीबाबाद से बृज कुमार, धामपुर समिति संचालक अभिषेक कुंवर, कृष्ण गोपाल, रंजीत सिंह आदि शामिल रहे।

## माता ज्वाला देवी से लायी गई ज्योति की शोभायात्रा निकाली

**चांदपुर ( चिंगारी )।** चांदपुर में पहली बार माता ज्वाला देवी से लाई गई दिव्य ज्योत को श्रृद्धापूर्वक स्थापित किया गया। इस अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्रृद्धालुओं द्वारा जगह-जगह माता को श्रृंगार चढ़ाया। माता ज्वाला देवी हिमाचल से ज्योत, नगर के बिजनौर



रोड स्थित देवी मंदिर में लाई गई, जहां 108 कन्याओं के पूजन के बाद विशाल शोभायात्रा के रूप में ज्योत को नगर के मंडी कोटला स्थित शिव मंदिर लाया गया जहां 108 कन्याओं का पूजन कर ज्योत को मंदिर में स्थापित कर दिया गया। श्रृद्धालुओं द्वारा सुबह शाम ज्योत के दर्शन किये जा सकेंगे। शोभायात्रा में नरेन्द्र बाबा, कुशाल जैन, श्रीमती भूमिका जैन, पुखराज सैनी, विकास गुप्ता, श्रीमती दीपाली गुप्ता, सभासद विशाल शर्मा बल्ली, अमित त्यागी, मोहित अग्रवाल, संजय बजरंगी, राजू यादव, सभासद राकेश सैनी, नितिन बंसल, कुलदीप गुप्ता, आशू गोयल, आकाश मित्तल, प्रथम जैन, रोबी मित्तल, आदित्य अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, रितु गर्ग, श्रीकांत कोहली, लेखराज, प्रदीप सैनी व नवीनीत गर्ग आदि शामिल रहे। रात्रि में माता रानी की चौकी हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु देर रात तक माता रानी के भजनों पर झूमते रहे।

## बाला जी मंदिर में प्रत्येक मंगलवार चढ़ाया जाता है ढाई कुंटल प्रसाद



महंत डॉक्टर अमित गिरि

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मुख्य बाजार स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर में प्रत्येक मंगलवार में दो से ढाई कुंटल प्रसाद चढ़ता है। मन्दिर के स्वामित्व मंहत डॉ. अमित गिरि व महंत आदित्य गिरि बताते हैं कि उक्त मन्दिर हमारी छठी पीढ़ी की देखरेख में चला आ रहा है। इस मंदिर में दूर-दूर से श्रद्धालु हजारों की संख्या में आकर बूंदी, लड्डू, बर्फी, पेड़े, केले, गुड़ चना, इमरती तथा दूध से बनी अनेक प्रकार की मिठाई का भोग भगवान राम, हनुमान, शिव, दुर्गा, संतोषी मां, राधा कृष्ण, भैरव बाबा, प्रेतराज सरकार को लगाते हैं। मन्दिर के आसपास बनी मिठाई की दुकान रमेश स्वीट्स, कन्हैया स्वीट्स, विपुल अग्रवाल (कश्मीरी), सोनू चाय, खैराती स्वीट्स, नवरत्न स्वीट्स, संजीव शर्मा हलवाई आदि सभी बताते है कि 30 से 50 किलो प्रसाद बनाते हैं। मंगलवार में धामपुर नगर के आसपास तथा दूर दराज से आए हुए श्रद्धालु प्रसाद ले जाते हैं और बालाजी मंदिर में भगवान को चढ़ाते हैं।



बालाजी की मूर्ति

# हिन्दू समाज के बल पर भारत शक्तिशाली बना - स्वामी रुपेन्द्र प्रकाश

## स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर हिन्दू सम्मेलन आयोजित

**धामपुर ( चिंगारी )।** बड़ी मंडी स्थित राजगढ़ियों की धर्मशाला में रविवार की देर शाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत आयोजित हिंदू सम्मेलन में बच्चों ने देशभक्ति से परिपूर्ण भजनों पर अपनी कला का प्रदर्शन कर वाहवाही अर्जित की।

सम्मेलन में श्री प्राचीन अवधूत मंडल आश्रम के पीठाधीश्वर एवं श्री बड़ा उदासीन अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश महाराज ने कहा कि संगठित हिंदू समाज के बल पर आज भारत दुनिया में एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ रहा है। इसलिए प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य है कि वह भारत को आत्मनिर्भर और शक्तिशाली बनाने के लिए नि:स्वार्थ भाव से सहयोग प्रदान करें। उन्होंने बताया कि प्राचीन ग्रंथ ऋग्वेद ईश्वर प्रदत्त है। महर्षि वेदव्यास ने इसे




हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर रूपेंद्र प्रकाश जी महाराज।

संकलित करने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति वसुदेव कुटुंबकम पर आधारित है। यह सभी के कल्याण की कामना करती है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में हुई। अब यह अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर रहा हैं। आज हिंदू समाज और संघ एक-दूसरे के पूरक हो गए हैं। उन्होंने कहा कि 500 वर्ष की गुलामी के बाद हिंदू समाज की संगठित शक्ति के बल पर ही अयोध्या में प्रभु श्री राम का भव्य और दिव्य मंदिर बन पाया है।

सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह मुकेश गुप्ता ने संघ की स्थापना उसकी कार्य पद्धति और देश और समाज के लिए उसके द्वारा किए जाने वाले कार्यों पर प्रकाश डाला। जबकि जिला व्यवस्था प्रमुख हिमांशु कुमार ने संघ द्वारा चलाए जा रहे पांच परिवर्तनों के बारे में विस्तार से बताया। सम्मेलन में संत चरण दास, संत वचन दास ने भी विचार व्यक्त किये, जबकि विभूति कांत शर्मा, अमित गुप्ता, राजकुमार वर्मा ने काव्य पाठ किया। सम्मेलन की अध्यक्षता समाजसेवी संतोष अग्रवाल धनौरिया ने की और संचालन आचार्य डॉक्टर दिनेश चंद्र भारद्वाज ने किया।

## वसीम अब्बासी बने कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के जिला महासचिव

**धामपुर ( चिंगारी )।** जिला कांग्रेस कमेटी (पिछड़ा वर्ग विभाग) बिजनौर के जिलाध्यक्ष मोहित प्रजापति ने पुराना धामपुर निवासी वसीम अहमद अब्बासी को पिछड़ा वर्ग का जिला महासचिव मनोनीत किया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि वसीम अब्बासी की कांग्रेस संगठन के प्रति निष्ठा और पिछडे समाज के लोगों की समस्याओं के निराकरण की दिशा में किये जा रहे प्रयासों को देखते हुए उन्हें पिछड़ा वर्ग का जिला महासचिव मनोनीत किया गया है। साथ ही आपसे



अपेक्षा की जाती है कि आप जिला बिजनौर में संगठन को मजबूत करने और पिछड़े समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस संगठन से जोड़ने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कांग्रेस के धामपुर नगर अध्यक्ष नदीम नजाकत खां ने कहा कि वसीम अहमद अब्बासी के पिछड़ा वर्ग के जिला महासचिव बनने से संगठन को और मजबूती मिलेगी। क्योंकि वसीम अब्बासी पिछड़ा वर्ग के हैं और वह पिछड़े समाज को कांग्रेस से जोड़ने का काम करेंगे।

# व्यक्ति को सड़क से उठाकर जंगल में खींच ले गया बाघ

## सिर्फ सिर मिला, बाकी शरीर खा गया नरभक्षी बाघ

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में बाघ द्वारा एक व्यक्ति को सड़क से उठाकर जंगल में ले जाने की घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

जानकारी के मुताबिक कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से सटे रामनगर वन प्रभाग की बेला बीट अंतर्गत नये बायपास पुल के पास बाघ एक व्यक्ति को सड़क से उठाकर घसीटता हुआ जंगल के भीतर ले गया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। लेकिन अंधेरा अधिक होने के कारण देर रात अभियान रोकना पड़ा। रविवार की सुबह वन विभाग ने दोबारा सर्च अभियान चलाया। फायरिंग और बम-पटाखों के बीच टीम ने बाघ के पगचिह्नों का पीछा करते हुए करीब दो किलोमीटर अंदर जंगल में तलाश की। इस दौरान जंगल के भीतर व्यक्ति का अधखाया शव बरामद किया गया। वन विभाग के अनुसार शव के रूप में केवल सिर ही मिला है, जबकि शेष अंग बाघ द्वारा खा लिये गये हैं। रामनगर वन प्रभाग के एसडीओ अंकित बडोला ने बताया कि घटना शनिवार देर शाम की है। जब बाघ व्यक्ति को सड़क से उठाकर जंगल में ले गया था। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और वन विभाग द्वारा निगरानी बढ़ा दी गई है। समाचार लिखे जाने तक मृत व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

# रामगंगा नदी में बहकर आया हाथी के बच्चे का शव



रामगंगा नदी में स्टील ब्रिज के समीप पड़ा हाथी के बच्चे का शव।

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** कालागढ़ स्थित स्टील ब्रिज के समीप रामगंगा नदी में एक हाथी के बच्चे का शव बहकर आने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे वन अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नदी से हाथी के बच्चे के शव को बाहर निकलवाया। साथ ही वन विभाग द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की तैयारी की जा रही है, ताकि मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सके। उपप्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ अमित ग्वासी कोटी ने बताया कि हाथी का शव रामगंगा बांध से बहकर रामगंगा नदी में आया है। हालांकि मौत किन परिस्थितियों में हुई इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। एहतियात के तौर पर आसपास के वन क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है। घटना के बाद क्षेत्र में वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और किसी भी लापरवाही या असामान्य गतिविधि की पुष्टि होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मृत हाथी के बच्चे की उम्र लगभग 3 वर्ष है।

# शोभायात्रा निकालकर स्थापित की संत रविदास की प्रतिमा



## विधायक ओमकुमार ने किया रविदास के आदर्शों पर चलने का आह्वान

**नहटौर (चिंगारी)।** ग्राम अखेड़ा में संत शिरोमणि रविदास की प्रतिमा रविवार को स्थापित की गई। इस अवसर पर गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। विधायक ओम कुमार ने मंदिर परिसर में प्रबंध समिति के पदाधिकारियों के साथ संत शिरोमणि रविदास जी की प्रतिमा को विराजमान किया तथा ग्रामीणों से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

रविवार को ग्राम अखेड़ा में संत शिरोमणि रविदास के मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान क्रियाओं के साथ पूजा-अर्चना की गई। विधायक ओमकुमार ने मंदिर समिति पदाधिकारियों के साथ गांव में प्रतिमा का भ्रमण कराया। मंदिर परिसर में पहुंचकर पदाधिकारियों व ग्रामीणों के साथ विधायक ओम कुमार ने संयुक्त रूप से प्रतिमा को मंदिर परिसर में स्थापित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ओमकुमार ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जातिवाद में कोई विश्वास नहीं रखते थे। उन्होंने सभी वर्ग को सम्मान देने का काम किया। उन्होंने कभी ढकोसलों पर विश्वास नहीं किया। इस अवसर पर मंदिर समिति की ओर से विधायक ओम कुमार को अंग वस्त्र भेंट करके सम्मानित किया गया। ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, तिलकराज सैनी, अभिषेक कुमार, नरेश कुमार, अर्जुन कुमार, जय सिंह, श्रीमती पूनम, संगीता, मीनाक्षी, रामलाल, अरुण, सूरज आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# लाभार्थियों के खाते में आयी पीएम आवास की पहली किश्त



**धामपुर (चिंगारी)।** रविवार को मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रदेश के दो लाख लाभार्थियों को प्रथम किस्त की धनराशि सीधे लाभार्थियों के खाते में भेजी गई। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत धामपुर नगर पालिका क्षेत्र के 129 लाभार्थियों में मधु, मुन्नी, प्रियंका, फरहाना, अमलेश देवी, अख्तरी, फरहा नाज आदि को प्रथम किस्त की धनराशि उनके खाते में प्राप्त हुई। उक्त लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम शिवाजी पार्क स्थित पुस्तकालय में अध्यक्ष चौ. रवि कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ल एवं वार्ड सभासद मनोज गोयल, मुकुल सैनी, वसीम अकरम, सोमपाल सैनी, इमरान, जावेद अली, प्रभात गुप्ता आदि एवं पालिका स्टाफ से सफाई निरीक्षक विकास लोहारा, राजस्व निरीक्षक राजेंद्र सिंह, पवन कुमार, किरण चौधरी, विशाखा चौधरी, नितिन अग्रवाल, विकास गुप्ता, तरुण कुमार, शिवम गोस्वामी आदि की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में दीक्षांत समारोह आयोजित





**बिजनौर (चिंगारी)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिजनौर में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह का भव्य एवं गरिमामय आयोजन हुआ। इस अवसर पर सत्र 2025-26 के विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से तिलक एवं बैज लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों, प्रधानाचार्या पायल कपूर तथा अभिभावकों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षकों के मार्गदर्शन में तनिष्का लाम्बा एवं तन्मय कटारिया ने किया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने मनोहारी स्वागत गीत, आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां एवं भावपूर्ण नृत्य-नाटिका के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्या पायल कपूर ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि जीवन में आने वाली चुनौतियां ही व्यक्ति को सशक्त बनाती हैं तथा आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर परिश्रम के माध्यम से प्रत्येक लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को विभिन्न विशिष्ट उपाधियों के अंतर्गत सैश प्रदान किए गए, जिनमें सर्वाधिक शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए मोली चौहान, उत्कृष्ट जिज्ञासु छात्र वैभव सिंह, सर्वाधिक सृजनशील आन्या, सदैव प्रसन्नचित्त गुरलीन कौर, सर्वाधिक सुव्यवस्थित रोहिणी चौधरी, सर्वाधिक एकाग्र ललित हल्दिया, सर्वाधिक अनुशासित माही गुलाटी तथा सर्वाधिक बहुआयामी प्रतिभा के लिए अमरा फातिमा को चुना गया। श्रेष्ठ विद्यार्थी के रूप में कुशाग्र कुमार एवं मिष्ठी शर्मा को सम्मानित किया गया। कक्षा 12 के विद्यार्थियों आर्यन विष्णोई एवं मिष्ठी शर्मा ने भावपूर्ण धन्यवाद भाषण प्रस्तुत कर विद्यालय, शिक्षकों तथा अभिभावकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

## आज पुण्यतिथि पर विशेष

# मौत भी मेरा घर ढूंढती रह गयी !

## साहित्य और सिनेमा के संगम, बहुआयामी व्यक्तित्व महमूद आज़म 'सामरी'

**नगीना ( चिंगारी )। साहित्य की दुनिया में कुछ नाम ऐसे होते हैं, जो अपनी सादगी और इल्म की गहराई से एक पूरे युग को रोशन करते हैं। एक ऐसा ही नाम है- सामरी साहब। वे केवल एक शायर या फिल्मकार नहीं थे, बल्कि वे तहजीब और तालीम के एक ऐसे स्तंभ थे, जिन्होंने जमींदारी परिवेश में जन्म लेकर भी अपना पूरा जीवन शिक्षा और क़लम की सेवा में समर्पित कर दिया।**



सामरी साहब का जन्म 15 नवंबर 1935 को एक प्रतिष्ठित शिक्षित सैयद परिवार में हुआ था। उनके पिता हाफिज इस्माईल मौहम्मद आजम खां और परदादा अख्तर नगीनवी के संस्कार उनके व्यक्तित्व में रचे-बसे थे, जो नगीना के पाई बाग में अंग्रेजी फौज का मुकाबला करते हुए शहीद किये गये इनायत रसूल के वारिस और वंशज हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा एम.एम. कॉलेज नगीना (अकाबिरान) में हुई। बाद में उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से अंग्रेजी और उर्दू में एम.ए. की उपाधि प्राप्त की।

अलीगढ़ उनके व्यक्तित्व के निर्माण की मुख्य स्थली रहा। 1958 में वे स्टूडेंट्स यूनियन के सचिव चुने गए। छात्र जीवन में उन्होंने 'करो और पढ़ो' जैसा महत्वपूर्ण आंदोलन चलाया, जो उनकी दूरगामी सोच को दर्शाता है। इस मुहिम का उद्देश्य छात्रों को इस बात के लिये तैयार और प्ररित करना था कि वह स्वयं कमायें और और अपनी पढ़ाई पर अपनी ही कमाई खर्च करें, परिवार पर बोझ न बनें। उन्होंने AMU से निकलने वाली पत्रिका 'द अलीगढ़ यूनिवर्सिटी' का संपादन भी किया।

महमूद आज़म, सामरी साहब का सबसे बड़ा योगदान शिक्षा के क्षेत्र में रहा। उन्होंने नेशनल जूनियर हाईस्कूल और ए.के. मुस्लिम इंटर कॉलेज की स्थापना कर इलाके के हजारों बच्चों के भविष्य को संवारा। उर्दू साहित्य के प्रति उनके समर्पण का प्रमाण यह है कि उर्दू अकादमी ने उन्हें 'मौलाना आज़ाद' पर लिखे गए उनके शोधपरक मकाले (लेख) के लिए सम्मानित किया।

सामरी साहब का रिश्ता सिनेमा जगत से भी गहरा रहा। उनके ससुर हामिद हुसैन उर्फ शम्स लखग्वी खुद एक विख्यात लेखक थे, जिन्होंने झांसी की रानी, नौशेरवाने आदिल, दहेज, नौवरंग, राजहठ, सेहरा और दीदार जैसी कालजयी फिल्में लिखीं।

सामरी साहब ने स्वयं 'करम' जैसी फिल्म में 'शोले' के 'सांभा' अर्थात मैक मोहन के साथ काम किया। इसके अलावा इश्तियाक मोहम्मद की 'सर सैयद' फिल्म और इग्नू द्वारा बनाई गई डॉक्यूमेंट्री ग़ज़ल में भी उनकी भूमिका सराहनीय रही। उनके उस्ताद प्रोफेसर जिया अहमद बदायूंनी थे, जिनकी रहनुमाई ने उनकी शायरी को तराशा।



सामरी साहब ने गीत, ग़ज़ल, नात, मनकबत, ड्रामे और फीचर जैसी विधाओं में अपनी लेखनी चलाई। उनकी शायरी में जीवन का फलसफा और मोहब्बत की गहराई दोनों झलकती हैं।

**तशनगी दिल की जमाने से छुपा ली जाय**
**वरना पीने की कोई राह निकाली जाय**
**देखता ही न हो जब कोई हमारी जानिब**
**अपने दामन में न क्यों आग लगा ली जाय**
**वोह मकीं और वो हमसाये कहां से लाऊं**
**अपनी दुनिया ही अगर और बसाली जाय**
**कौन कब हमसे बिछड़ जाय यहां हम सफरो**
**एक महफिल तो सरे राह जमा ली जाय**
**जाने क्या खुम में है मैं तो तभी समझूंगा शराब**
**साकिया जब यह मेरे जाम में डाली जाय**
**सामरी जीस्त न हो मौत तो आसां हो जाय**
**आसतीं में हसीं नागन कोई पाली जाय**

वर्ष 2010 में एक दुर्घटना में घायल होने के बाद वह सात वर्षों तक ऑन बैड रहे, इस दौरान उन्होंने अनेक रचनायें लिखीं, यह शेर उसी जमाने में लिखी रचनाओं की एक सच्चाई है ।

**मेरी गुमनामियां मेरे काम आ गयीं**
**मौत भी मेरा घर ढूंढती रह गयी**

19 जनवरी 2017 को यह रोशन चिराग बुझ गया, लेकिन उनके द्वारा स्थापित संस्थाएं और उनका साहित्य आज भी जीवित है। सामरी साहब जैसा हिमालयी व्यक्तित्व, जो जमींदार होकर भी फकीराना मिजाज रखता था, सदियों में एक बार पैदा होता है। वे एक ऐसे शख्स थे जिनसे जो एक बार मिलता, वो हमेशा के लिए उन्हीं का हो जाता था।

**-परवेज़ आदिल माही**

# यूपी बनेगा देश का सबसे बड़ा हेल्थकेयर-हेल्थटेक कॉरिडोर

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश को हेल्थकेयर, मेडिकल रिसर्च और मेडिकल टेक्नोलॉजी का राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में सरकार ने कदम तेज कर दिये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ में आयोजित यूपी हेल्थटेक कॉन्क्लेव 1.0 का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रदेश अब स्वास्थ्य सेवाओं में केवल उपभोक्ता राज्य नहीं रहेगा, बल्कि मेडिकल इनोवेशन, मेडिकल डिवाइस और फार्मा मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सिर्फ 25 करोड़ नहीं, बल्कि यूपी के साथ आसपास के राज्यों की जरूरतों को मिलाकर करीब 35 करोड़ लोगों के स्वास्थ्य की बड़ी जिम्मेदारी निभाता है। सरकार का लक्ष्य है कि चिकित्सा सुविधा हर नागरिक तक, विशेषकर अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सम्मानजनक तरीके से पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बीते पौने नौ वर्षों के बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य ढांचे का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। वर्ष 2017 से पहले कुल 40 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि आज 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। इसके साथ ही प्रदेश में दो एम्स, जिला अस्पतालों का सुदृढ़ीकरण, सीएचसी-पीएचसी नेटवर्क और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का विस्तार कर ग्रामीण क्षेत्रों तक नि:शुल्क सेवाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को बड़ा सुरक्षा कवच दिया है। यूपी में 5.5 करोड़ परिवारों को आयुष्मान कार्ड मिल चुके हैं, जिससे पात्र लाभार्थियों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज मिल रहा है। जिन परिवारों का छूट जाना संभव था, उन्हें मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना के माध्यम से जोड़ा गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि सुधारों का असर मातृ-शिशु स्वास्थ्य संकेतकों पर भी दिखा है। साथ ही, एक समय प्रदेश में कहर बन चुकी इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी पर निर्णायक रणनीति अपनाकर नियंत्रण पाया गया है।

# ईरान के हिंसक प्रदर्शनों में 5000 लोगों की मौत

## ईरानी हुकूमत ने आतंकियों को ठहराया जिम्मेदार

**तेहरान ( एजेंसी/चिंगारी )।** ईरान में जारी हिंसक प्रदर्शनों ने देश को हिलाकर रख दिया है। ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, देशभर में हुए प्रदर्शनों में अब तक कम से कम 5000 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में करीब 500 सुरक्षाकर्मी भी शामिल बताए गए हैं। सरकार ने आरोप लगाया है कि इन घटनाओं के पीछे आतंकवादी और हथियारबंद दंगाई हैं, जिन्होंने आम नागरिकों को निशाना बनाया। ईरानी अधिकारी के अनुसार, ये प्रदर्शन 28 दिसंबर को आर्थिक बदहाली, महंगाई और बेरोजगारी के विरोध में शुरू हुए थे। शुरुआत में लोग रोजमर्रा की परेशानियों को लेकर सड़कों पर उतरे थे। लेकिन दो हफ्तों के भीतर हालात तेजी से बिगड़ गए और आंदोलन ने राजनीतिक रूप ले लिया। कई शहरों में सरकार विरोधी नारे लगे और धार्मिक शासन को खत्म करने की मांग उठने लगी। अधिकारियों का कहना है कि अब तक सामने आए मौत के आंकड़े पूरी तरह से सत्यापित हैं। सरकार का दावा है कि अंतिम मृतक संख्या में बहुत ज्यादा इजाफा होने की संभावना नहीं है। प्रशासन का कहना है कि कई जगहों पर हिंसा इस हद तक बढ़ गई कि हालात काबू से बाहर हो गए और सुरक्षाबलों को सख्त कदम उठाने पड़े।




### 1979 की क्रांति के बाद सबसे घातक उथल-पुथल

ईरानी अधिकारियों के अनुसार, यह हिंसा 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद सबसे घातक मानी जा रही है। तब से अब तक देश ने कई बार विरोध प्रदर्शन देखे हैं, लेकिन इतनी बड़ी संख्या में मौतें पहले कभी नहीं हुईं। प्रशासन ने सुरक्षा बढ़ा दी है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े कदम उठाने की बात कही है।

# समाज के उत्थान के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए: आर्य कामेंद्र सिंह

## मुस्सेपुर में हुआ हिंदू सम्मेलन

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के ग्राम मुस्सेपुर के सिंह फार्म हाउस में विशाल हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ वैदिक मंत्रोचारण, हवन पूजन, दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। आर्य सुगन्ध संस्थान की प्रधानाचार्य गरिमा आर्य के नेतृत्व में संस्थान के बच्चों ने स्वागत गीत, सुदामा चरित्र आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में आर्य कामेंद्र सिंह ने कहा कि हमें हिन्दू संस्कृति, सनातन धर्म व राष्ट्रीय निर्माण के लिए एकत्रित रहना चाहिए। समाज के उत्थान के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए। संत समाज की ओर से कपिल मुनि महाराज ने हिंदुओं की घटती जनसंख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए जागरूक रहने के लिए कहा। कमलेश आर्य ने महिलाओं को स्वावलंबन बनने, समाज में हो रहे महिलाओं पर अत्याचार को रोकने के लिए आगे आकर अपनी संस्कृति को बचाए रखने के लिए प्रेरित किया। आर्य रामपाल सिंह ने हिंदू समाज के लोगों को आर्य समाज की रागिनी सुनाकर जागरूक किया। हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री चौधरी आदेश कुमार ने लव जिहाद से सतर्क रहने व हिन्दू समाज के लोगो से अपने बेटे, बेटियों का ध्यान रखने के लिए कहा। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि हमें जातपात को त्याग कर एक मंच पर आना होगा तभी हिन्दू समाज आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी समर सिंह एवं संचालन आचार्य विक्रम सिंह ने किया। कार्यक्रम में डॉ. ओमप्रकाश वैद्य, रविन्द्र सिंह, नौबहार सिंह, मोहित चौहान, कर्णवीर सिंह, डॉ. पवन, सुशील कुमार, सुनील त्यागी, जोनी अग्रवाल, मोहित सिंह, चौधरी ईशम सिंह, अनुज चौधरी, सुमित सिंह, मोहन सिंह, बंटी राठी, पंकज राठी, प्रदीप कुमार, डॉ. मोहन सिंह, मास्टर नीरज सिंह, नरेश वालिया, नगेंद्र चौहान, राजकुमार, रितेश सैन, राहुल तिवारी, विदित चौधरी, शलभ चौधरी, मीना देवी, सोनिया, शकुंतला रानी, दिवेश चौहान, सुमन, नीता चौधरी आदि उपस्थित रहे। सुरक्षा के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, हेड कांस्टेबल जयवीर सिंह, महिला कांस्टेबल पूजा, मानसी, होमगार्ड जगवीर सिंह, नरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते डॉ. ओमप्रकाश वैद्य व आर्य कामेंद्र सिंह।

## गरीब के कागजों से अन्य व्यक्ति ने खरीद ली कार

नजीबाबाद ( चिंगारी )। क्षेत्र के गांव समीपुर निवासी सैलून की छोटी सी दुकान चलाने वाले रईस अहमद ने समाधान दिवस में अधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में कहा कि वह बहुत गरीब व्यक्ति है। पिछले दिनों उसका राशन कार्ड से नाम कट गया, जब उसने पूर्ति कार्यालय में इसकी जानकारी की तो पता चला कि उसके नाम पर उसके कागजों से किसी ने एक कार खरीद ली है, यह सुनकर वह बहुत परेशान है। उसने अधिकारियों को बताया कि उसने आज तक एक साइकिल नहीं खरीदी तो कार बहुत दूर की बात है। अधिकारियों ने थाना पुलिस को मामले की जांच के लिए निर्देशित किया है।

## सुभासपा नेता ने पूर्व मुख्यमंत्री से की भेंट



नजीबाबाद (चिंगारी)। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला सदस्यता प्रभारी एवं समाज सेवक रणवीर सिंह निराला ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व गवर्नर भगत सिंह कोशयारी से उनके देहरादून स्थित आवास पर जाकर भेंट वार्ता कर कुशलता जानी एवं कई विषय पर बातचीत की।

## भाजपा नेत्री गायत्री निराला ने बूथों का किया निरीक्षण

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद विधानसभा के ग्राम जसवंतपुर सेक्टर संयोजक एवं भागूवाला मंडल उपाध्यक्ष गायत्री निराला ने ग्राम लुकादड़ी में बूथ संख्या 168 व ग्राम मुअज्जमपुर तुलसी के बूथ संख्या 200 पर प्रवास कर नए वोट बनवाने के लिए फॉर्म भरे। प्रवास के दौरान भागूवाला मंडल की मंडल मंत्री रेशमा व लुकादड़ी के बूथ अध्यक्ष अर्जुन, राजकुमार, मुअज्मपुर तुलसी के बूथ अध्यक्ष विष्णु सिंह कुशवाहा साथ में रहे।



## एडीएम प्रशासन से की शिष्टाचार भेंट



एडीएम प्रशासन ने शिष्टाचार भेंट करते शैलेंद्र चौधरी।

नजीबाबाद (चिंगारी)। अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार चौधरी ने अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सुश्री अंशिका दीक्षित से शिष्टाचार भेंट कर जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान महिला उत्थान, नारी सशक्तिकरण, नगर पालिकाओं में महिलाओं को मिल रहे अधिकार तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने को लेकर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से बिजनौर में महिला सशक्तिकरण लगातार मजबूत हो रहा है। महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा व स्वावलंबन के अवसर मिल रहे हैं, साथ ही नगर पालिकाओं में महिलाओं को अधिकार व योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोनिका चौधरी, विधि मंच के जिला अध्यक्ष तुषार चौधरी, इकबाल चौधरी आदि मौजूद रहे।

## पुस्तकालय के विशेष संरक्षक के निधन पर शोक

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के सरस्वती पुस्तकालय के विशेष संरक्षक व कई पदों पर रहे अरविंद रंधर का 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। उनके निधन पर सरस्वती पुस्तकालय के प्रधान अतुल माहेश्वरी, पूर्व प्रधान उमापति गर्ग, मंत्री प्रदीप डेजी, विवेक नैनू, जितेंद्र जैन आदि ने शोक व्यक्त किया। उनके निधन पर व्यापार जगत ने भी शोक जताया। शोक व्यक्त करने वालों में प्रेमसागर अग्रवाल, विष्णुचंद अग्रवाल, तरूण अग्रवाल, तरूण अग्रवाल आदि शामिल रहे।

## अभिकर्ताओं के साथ साझा किये एलआईसी में काम के फायदे

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय जीवन बीमा निगम की नजीबाबाद शाखा के विकास अधिकारी भोले सिंह ने अपने अभिकर्ताओं के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया। एलआईसी के विकास अधिकारी द्वारा अपने अभिकर्ताओं का टीकाकरण कर एवं फूलों का गुलदस्ता भेंट कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने अभिकर्ताओं के कार्य को कुशल बनाने के तरीकों के बारे में बताया एवं अच्छा कार्य करने वाले अभिकर्ताओं को सम्मानित किया। इसी के साथ एलआईसी की प्रसिद्ध पॉलिसियों के बारे में बताया एवं प्रचलित प्लान के फायदे बताए। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि शाखा प्रबंधक ऋषभ कपूर, सहायक शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार रहे। इस अवसर पर अभिकर्ता अजीत सिंह, केशव, शेर खान, गंगाराम, सलीम अहमद, कल्लू सिंह, आदित्य अग्रवाल, रामअवतार, संजय, इतिक्षा, स्वाति, दिव्या, सपना, सीमा आदि अभिकर्ता शामिल रहे।



एलआईसी के अभिकर्ताओं को सम्मानित करते हुए।

# सम्मेलन में हिन्दू समाज की एकजुटता पर जोर

## अखंड भारत के स्वप्न को साकार करने का आह्वान




**नूरपुर (चिंगारी)।** मोरना में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य हिन्दू समाज को एकजुट कर,समाज में नवचेतना का संस्कार करना रहा। सम्मेलन में मुख्य वक्ता स्वामी बचन दास जी ने हिन्दू समाज की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि हिन्दू समाज के एकजुट होने व जाग्रत होने का यही सही समय है। अगर इस समय हम नहीं चेते तो फिर एकजुट होकर भी हम अपने धर्म, अपने देश व अपनी संस्कृति की सुरक्षा नहीं कर सकते। सम्मेलन में विभाग बौद्धिक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संजय वर्मा व जिला बौद्धिक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हेमेंद्र कुमार का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। सम्मेलन की शुरुआत भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में छोटे सिंह आर्य सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। सम्मेलन की अध्यक्षता गन्ना समिति धामपुर के चेयरमैन रामवीर सिंह ने व संचालन योगेंद्र कुमार ने किया। सम्मेलन को सफल बनाने में गुरमीत सिंह, जितेन्द्र कुमार, नीरज शेखावत, कवि सिसोदिया, मनोज शेखावत, सतीश कुमार, वीरेंद्र भारद्वाज, अरविंद कुमार, रमेश सिंह आदि का योगदान रहा। सम्मेलन में भाजपा नेता सीपी सिंह, धर्मेंद्र सैनी, जितेंद्र बैंस आदि भी मौजूद रहे।

# स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर जल संरक्षण की जानकारी दी

**बिजनौर (चिंगारी)।** मौहल्ला जाटान स्थित दिलेराम मेमोरियल इंटर कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के अन्तर्गत आज जल संरक्षण दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती ललिता रानी, सभासद मौ. अफजाल, कार्यक्रम अधिकारी बलजीत सिंह ने जल संरक्षण के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने जल संरक्षण जागरूकता रैली निकाली। तत्पश्चात संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीमती ललिता रानी, तेजपाल, नरेश सैनी, सभासद मौ. अफजाल आदि ने विचार व्यक्त किये। वक्ताओं ने बढ़ते जल संकट पर चिंता व्यक्त करते हुये लोगों को जागरूक किया। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रधानाचार्य लाखन सिंह ने की तथा संचालन कार्यक्रम अधिकारी बलजीत सिंह ने किया। सहायक अध्यापक श्रीमती चीनू, संजय सिंह, कु. अंजुम, अलीशा, किरण शना आदि ने सहयोग किया।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# क्षत्रिय राजपूत सभा की नगीना कार्यकारिणी गठित

## सुधीर राणा अध्यक्ष, सतीश चौहान बने नगर महामंत्री




नगीना में जिला क्षत्रिय राजपूत सभा की बैठक में अपने विचार रखते वक्ता।

**नगीना (चिंगारी)। जिला क्षत्रिय राजपूत सभा की बैठक में सुधीर राणा को नगर अध्यक्ष और डॉ. सतीश चौहान को महामंत्री चुना गया। इस मौके पर वक्ताओं ने समाज की एकता पर बल दिया।**

रविवार की दोपहर क्षत्रिय नगर में आयोजित जिला क्षत्रिय राजपूत सभा की बैठक जिलाध्यक्ष धर्मेश चौहान की अध्यक्षता व तिलकराज सिंह के संचालन में आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके हुआ। संरक्षक यशपाल सिंह ने युवाओं से शिक्षित व समर्थ बनकर राजपूत समाज के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। इस मौके पर जिला क्षत्रिय राजपूत सभा के निर्वाचन अधिकारी टीकम सिंह एडवोकेट व यशपाल सिंह की देखरेख में नगर की क्षत्रिय राजपूत सभा की नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ, जिसमें विनोद राठौर संरक्षक, सुधीर राणा को अध्यक्ष, डॉ. सतीश चौहान महामंत्री, मास्टर भूपेश चौहान उपाध्यक्ष, गगन चौहान मंत्री, प्रबोध चौहान एडवोकेट कोषाध्यक्ष, मनीष राणा मीडिया प्रभारी, अंशुल ठाकुर संगठन मंत्री व रामकुमार सिंह एडवोकेट, अजय चौहान, गजेंद्र सिंह को सदस्य कार्यकारिणी चुना गया।

# तपराज सिंह ने किया सड़क का लोकार्पण




**नांगल सोती (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम रायपुर खास उर्फ कोटसराय में क्षेत्र पंचायत निधि से निर्मित आरसीसी सड़क का लोकार्पण ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने फीता काटकर और शिलापट का अनावरण करके किया। विकास खंड नजीबाबाद के नांगल क्षेत्र की ग्राम पंचायत रायपुर खास उर्फ कोटसराय में क्षेत्र पंचायत निधि से 1,100 वर्ग मीटर आरसीसी सड़क का निर्माण हुआ है। सड़क लगभग 20 लाख रूपये की लागत से निर्मित हुई है। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने फीता काटकर और शिलापट का अनावरण करके उक्त सड़क का लोकार्पण किया। आर्य वीरेन्द्र शर्मा, शौकीन सिंह, इकबाल अहमद, क्षेत्र पंचायत सदस्य सत्यपाल सिंह व अब्दुल मलिक, टीकम सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# धूप निकल रही कड़ी राहत मिली बड़ी

**बिजनौर/नांगल सोती (चिंगारी)।** प्रकृति के भी खेल निराले हैं। पिछले तीन दिनों में मौसम पूरी तरह से बदल गया है। पहले जहां स्थानीय क्षेत्रों में घना कोहरा आ रहा था, वहीं रात में जोरदार पाला पड़ रहा था। साथ में हल्की-हल्की शीतलहर भी चलती थी। कोहरा-पाला, शीतलहर के संयुक्त प्रभाव से ऐसी भयंकर ठंड पड़ रही थी कि भरपूर गर्म कपड़ों में लिपटे हुए शरीर भी थर्र-थर्र कांप रहे थे। भयंकर ठंड और कोहरे के कोहराम ने सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया था। बाजारों की रौनक गायब होने लगी थी, लेकिन परसों से मौसम तेजी से बदला है। कल और आज सुबह जल्दी ही धूप निकल गई। चटख धूप निकलने से दिन में ठंड का कोई खास अहसास नहीं हो रहा है। दिन में लोगों के शरीर पर गर्म कपड़े भी कम हो गये हैं। धूप में बैठकर अधिकांश गर्म कपड़े उतर जाते हैं। पारा तेजी से चढ़ने से आने वाले दिनों में बारिश का अनुमान व्यक्त किया जा रहा है। यदि बारिश होती है, तो गेहूं सहित सभी फसलों के लिये अत्यन्त लाभकारी सिद्ध होगी। किसान बारिश के लिये प्रार्थना कर रहे हैं।

# अभियान चलाकर दी यातायात नियमों की जानकारी



**शेरकोट (चिंगारी)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत रविवार की दोपहर एनएचएआई और पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देकर उनका पालन करने के लिए जागरूक किया गया।


हाईवे किनारे हरेवली तिराहे पर चलाए गए अभियान के दौरान थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार और एनएचएआई के ओटीआर कपिल चौहान ने वाहन चालकों को रोककर यातायात व सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी। उन्होंने सावधानी हटी, दुर्घटना घटी का नारा देते हुए कहा कि यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कर दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने सड़क हादसों के बढ़ते ग्राफ पर चिंता व्यक्त करते हुए दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट व कार चालकों से सीट बेल्ट अवश्य लगाने, गाड़ी चलाते समय अपने वाहन की गति व सड़क पर बने संकेतकों का ध्यान रखने, ड्राइविंग करते समय मोबाइल का इस्तेमाल करने से बचने, हाईवे पर अपने लेन में चलने, दाहिने तरफ से ही ओवरटेक करने, नशा कर वाहन न चलाने और नियमों का कड़ाई के साथ पालन करने की हिदायत की। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि हाईवे पर ई-रिक्शा चलाना प्रतिबंधित है। उन्होंने नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने की चेतावनी दी, जबकि कपिल चौहान ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार सड़क हादसे में घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति से कोई पूछताछ नहीं की जाएगी। इसलिए निडर होकर घायलों की सहायता कर उनकी जान बचाने में सहयोग करें।

# बिजनौर-बिजनौरी गीत से साइबर अपराधों पर अंकुश का प्रयास कर रही पुलिस

## गीत को अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर रिलीज कर लोगों को जागरुक किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से बिजनौर पुलिस लगातार नवाचार कर रही है। इसी क्रम में जनपद के स्थानीय कलाकार गुलफाम द्वारा गाए गए लोकप्रिय गीत बिजनौर बिजनौरी में साइबर ठगों से बचाव को लेकर जोड़ा गया। विशेष जागरूकता भरा अंतरा इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है।

गीत के इस अंतरे में आम नागरिकों को आगाह किया गया है कि वे किसी भी अनजान फोन कॉल, संदिग्ध लिंक, ओटीपी, केवाईसी अपडेट या लालच भरे मैसेज के झांसे में न आएं। साइबर ठगों द्वारा अपनाए जा रहे नये-नये तरीकों को सरल भाषा और स्थानीय अंदाज़ में प्रस्तुत किया गया है, जिससे आमजन आसानी से समझ सकें और सतर्क रह सकें। बिजनौर पुलिस ने गीत के उक्त अंश को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी किया है। पुलिस विभाग का मानना है कि संगीत और स्थानीय संस्कृति के माध्यम से दिया गया संदेश लोगों पर अधिक प्रभाव डालता है और जागरूकता अभियान को व्यापक स्तर तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होता है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साइबर अपराध के मामलों में वृद्धि को देखते हुए आम जनता को जागरूक करना समय की आवश्यकता है। इस प्रकार के रचनात्मक प्रयासों से विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों, बुजुर्गों और युवाओं तक संदेश तेजी से पहुंचता है। बिजनौर पुलिस ने आमजन से अपील की है




कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं अथवा cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत पंजीकृत करें।

साथ ही पुलिस ने लोगों से आग्रह किया है कि वे पुलिस द्वारा जारी इस जागरूकता वीडियो को अधिक से अधिक साझा करें, ताकि साइबर अपराधियों पर लगाम लगाई जा सके। इस पहल की सोशल मीडिया पर सराहना की जा रही है और लोग इसे पुलिस का एक सराहनीय व जनहितकारी कदम बता रहे हैं। पुलिस का कहना है कि भविष्य में भी इस तरह के रचनात्मक और प्रभावी माध्यमों के जरिए साइबर अपराध के खिलाफ अभियान जारी रखा जाएगा।



नगीना के हिंदू इंटर कॉलेज मतदान केंद्र पर मतदाता अभियान में सहयोग करते भाजपा नेता रोहित रवि।

# नये वोट बनवाने में सहयोग किया

**नगीना ( चिंगारी )।** नये वोट बनवाने, गलत वोट कटवाने एवं संशोधन कराने हेतु चले विशेष मतदाता अभियान कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्ण सहयोग किया, जिसके अंतर्गत भाजपा प्रांतीय पार्षद रोहित कुमार रवि ने प्रवासी के तौर पर मतदान केंद्र हिंदू इंटर कॉलेज, कृष्ण गोपाल महाविद्यालय, प्राथमिक विद्यालय लुहारी सराय एवं नगीना पब्लिक जूनियर हाईस्कूल पर नये वोट बनवाने का कार्य किया। इस अवसर पर विहिप नेता प्रदीप गर्ग, तिलक राज मुठरेजा, राजन कुमार, राजपाल सिंह, अलका देवी, संगीता जैन आदि उपस्थित रहे। उधर नगीना में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में पूर्व सांसद डॉक्टर यशवंत सिंह, पूर्व विधायक सतीश गौतम, क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, प्रमोद चौहान, अंजलि मित्तल, सौरभ मित्तल, पंडित सचिन शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने मतदाता अभियान में सहभागिता की।

# चमरावाला में घर में मृत मिला सुभाष

**नगीना ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम चमरावाला में घर के भीतर एक युवक मृत अवस्था पड़ा मिला। मृतक की पहचान 30 वर्षीय सुभाष कुमार के रूप में हुई। पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि रविवार की दोपहर ग्राम चमरावाला में ग्राम प्रधान द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि एक घर में एक युवक मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो मृतक की पहचान 30 वर्षीय सुभाष पुत्र प्रीतम के रूप में हुई। बताया जाता है कि मृतक नशे का आदी था तथा पिछले करीब आठ वर्षों से उसकी पत्नी बच्चों के साथ अलग नगीना में रह रही थी। मृतक घर में अकेला ही रहता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है। सीओ का कहना है कि मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद चलेगा। मृतक अपनी करीब 25 बीघा जमीन बेच चुका था।

# अर्शी मिस और अनमोल मिस्टर फेयरवैल चुने गये

## इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों का विदाई समारोह




**हल्दौर ( चिंगारी )।** जी.एस.एन इंटरनेशनल एकेडमी में इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें अर्शी को मिस फेयरवैल एवं अनमोल को मिस्टर फेयरवैल का खिताब प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक रघुराज सिंह नागर, आशुतोष नागर, विकास पंकज द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11वीं की छात्रा गौरी वशिष्ठ एवं वैष्णवी शर्मा ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के मनोरंजन एवं प्रतिभा प्रदर्शन हेतु विभिन्न रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया। ग्रुप सॉन्ग में आर्शीना एवं अर्शी, अंताक्षरी में दिव्यांशी, लकी स्टूडेंट में सुहानी ध्रूव, साड़ी मेकिंग में विनय, बेस्ट एक्टिंग में अलीना विजेता रहे। वहीं अर्शी को मिस फेयरवैल एवं अनमोल को मिस्टर फेयरवैल का खिताब प्रदान किया गया। विकास पंकज के मार्गदर्शन में कार्य कर रही एक्टिविटी टीम की विशेष भूमिका रही। टीम ने अनुशासन, रचनात्मकता एवं उत्कृष्ट प्रबंधन का परिचय देते हुए पूरे कार्यक्रम को आकर्षक एवं यादगार बना दिया। विद्यालय प्रबंधक रघुराज सिंह नागर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के छात्र ही कल के राष्ट्र निर्माता हैं। विद्यालय में प्राप्त शिक्षा एवं संस्कार उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के सफल, अनुशासित एवं संस्कारी जीवन की कामना की। विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योति नागर ने कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया। इस अवसर पर नीता राजपूत, स्वाति पराशर, निशा राजपूत, स्वाति वर्मा, मानसी, काजल चौधरी, अर्जुन सिंह, अरुण डबास, ललित शर्मा, विक्रांत कुमार, विशाल चाहल, अपूर्व चौहान, जितेंद्र सिंह, राकेश कुमार सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# रासेयो के शिविर में सड़क सुरक्षा जागरुकता दिवस मनाया

**हल्दौर ( चिंगारी )।** राजा हरवंश सिंह इंटर कॉलेज हल्दौर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वितीय इकाई द्वारा आयोजित विशेष शिविर के छठे दिन को सड़क सुरक्षा जागरूकता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपनिरीक्षक संदीप कुमार थाना हल्दौर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य मेघराज सिंह राणा ने की।

इस अवसर पर अवनीश कुमार, गौरी शंकर, अनिल कुमार पांडे, शकील अहमद, नरेश कुमार सैनी, पवित्र




कुमार, रामवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम अधिकारी मणिकांत के नेतृत्व में एनएसएस स्वयंसेवकों ने डोर-टू-डोर जाकर ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी। यह संदेश भी दिया गया कि सड़क दुर्घटना केवल एक व्यक्ति नहीं, पूरे परिवार की समस्या बन जाती है। अधिकतर हादसे तेज रफ्तार, नशे में ड्राइविंग और बिना हेलमेट के कारण होते हैं। मुख्य अतिथि उपनिरीक्षक संदीप कुमार ने कहा कि नियम मानेंगे तो जान बचेगी और सड़क पर जल्दी नहीं, सुरक्षा जरूरी का भाव हर नागरिक को अपनाना चाहिए। प्रधानाचार्य मेघराज सिंह राणा ने विद्यार्थियों से अनुशासित व जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। रैली के दौरान शिक्षक शकील अहमद एवं अवनीश कुमार ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने विचार साझा किए।

# सहसपुर के युवक की चिड़ियापुर में वाहन की चपेट में आकर मौत


शादाब का फाइल फोटो

**सहसपुर ( चिंगारी )।** सहसपुर निवासी मोहम्मद शादाब उम्र (27 वर्ष) की हरिद्वार के चिड़ियापुर में मैक्स वाहन से टकराकर मौत हो गई। मोहल्ला अफ़गानान निवासी खालिद ने बताया कि उनका पुत्र शादाब हरिद्वार में फूलों की सजावट का कार्य करता था, कुछ दिन से वह घर पर आया हुआ था। अचानक हरिद्वार से उसके ठेकेदार का फोन आया कि काम है आ जाओ, लेकिन शादाब का जाने का मन नहीं था। ठेकेदार के बार-बार कहने पर वो चला गया। उनके नंबर पर पुलिस का फोन आया कि एक्सीडेंट हो गया है, जल्दी आ जाएं। वहां जाकर देखा कि चिड़ियापुर में शादाब की मृत्य हो चुकी है। शव को पुलिस के द्वारा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शादाब के एक 4 वर्ष की पुत्री है, जिसको ये भी नहीं पता कि उसके सर से उसके बाप का साया उठ गया है।

### काश मैं उसको रोक लेता!

पिता खालिद ने बताया कि शादाब उनका सबसे बड़ा पुत्र था। इसके अलावा उनके दो छोटे पुत्र और दो पुत्रियां हैं, जिनकी अभी शादी नहीं हुई। काश जब शादाब कह रहा था पापा मेरे जाने का मन नहीं है, काश मैं उसको रोक लेता।

# बीएमसी में जीत का जश्न मनाया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** आल इंडिया मजलिस ए इत्तिहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र में हुए बीएमसी चुनाव में पार्टी को शानदार सफलता मिलने पर खुशी मनाते हुए एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। मुहल्ला काजी सराय वार्ड 20 के सभासद एडवोकेट फिजाउर रहमान के आवास पर इकट्ठा हुए कार्यकर्ताओं ने बीएमसी चुनाव में मिली पार्टी की सफलता पर प्रसन्नता जताई। फिजाउर्रहमान एडवोकेट व चांद हाशमी ने कहा कि यह जीत अल्पसंख्यकों और वंचित समाज की आवाज को मजबूती देने वाली है। इस अवसर पर फिज़ाउर रहमान एडवोकेट सभासद, शाकिर चांदपुरी, मो. जावेद, सुहैल इब्राहीम, चांद हाशमी, सलीम मालिक, भूरे भाई, गब्बर भाई, बब्बू भाई व अन्य मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

# द्वारिकेश शुगर मिल ने किया 12 जनवरी तक का भुगतान

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** यहां स्थित द्वारिकेश शुगर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के वरिष्ठ अधिशासी उपाध्यक्ष सलिल एस. आर्य ने बताया कि द्वारिकेश समूह की इकाई बहादरपुर द्वारा पेराई सत्र 2025-26 में एसएपी की दर से 6 जनवरी 2026 से 12 जनवरी 2026 तक खरीदे गए गन्ने का 1560.47 लाख रुपये भुगतान संबंधित बैंकों में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार 12 जनवरी 2026 तक खरीदे गए गन्ने का कुल भुगतान 15784.66 लाख रुपये किसानों के खातों में प्रेषित किया जा चुका है, जिससे क्षेत्र के गन्ना किसानों को समय पर भुगतान का लाभ मिल रहा है। द्वारिकेश शुगर मिल के मुख्य महाप्रबंधक उमेश कुमार सिंह बिसेन ने गन्ना कृषक बंधुओं से अपील की है कि वे चीनी मिल में केवल ताजा, जड़, पत्ती, अगोला, मिट्टी एवं रोग रहित गन्ने की ही आपूर्ति करें। उन्होंने किसानों से स्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुआई के लिए विभाग अथवा चीनी मिल द्वारा सत्यापित नर्सरी प्लॉटों से ही बीज लेने का अनुरोध किया। मुख्य महाप्रबंधक ने स्पष्ट किया कि किसी भी दशा में रोगग्राही गन्ना प्रजाति को. 0238 एवं अज्ञात प्रजातियों की बुआई न की जाए। उन्होंने बताया कि पेड़ी एवं द्वितीय पेड़ी फसल के बेहतर फुटाव के लिए चीनी मिल द्वारा इथाफोन व हेक्सास्टाप रसायन अनुदान पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# नशे की लत के चलते चोरी की, पकड़े गये

**स्योहारा ( चिंगारी )।** क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग चोरी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगदी समेत बड़ी मात्रा में चोरी किया गया घरेलू सामान, गैस सिलेंडर, बैटरियां व चांदी के बर्तन बरामद किए हैं।



पुलिस के अनुसार 17 जनवरी को मोहल्ला मुस्लिम चौधरियान निवासी रुखसार पत्नी फहीम अहमद ने थाना स्योहारा में तहरीर दी थी कि चोरों ने उसके घर से गैस सिलेंडर, बैटरियां, पीतल व सफेद धातु के जेवर, नकदी और घरेलू बर्तन चोरी कर लिए हैं। इसी दिन ग्राम कुरी बांगड़ निवासी चांद बाबू ने भी कोल्हू से इन्वर्टर और बैटरी चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरमान पुत्र अशरफ और शानू उर्फ शहनवाज पुत्र अकरम को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पैसों की तंगी और नशे की लत के चलते उन्होंने बंद पड़े मकान को निशाना बनाया और चोरी की। चोरी किया गया अधिकांश सामान बेचने से पहले ही पुलिस ने बरामद कर लिया, जबकि कुछ नकदी खर्च हो चुकी थी। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर गैस सिलेंडर, चांदी के बर्तन, बैटरियां, नकदी सहित अन्य सामान बरामद किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर आगे की विधिक प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस टीम की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

# चुराया तार, हुआ गिरफ्तार



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** किसानों के नलकूपों से चोरी करने के एक आरोपी को चोरी किए गए तार के साथ गिरफ्तार किया गया है। थाना क्षेत्र के छाछरी टीप के किसानों द्वारा पुलिस को तहरीर दी गई थी। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी नफीस उर्फ सुहेल पुत्र अजीज निवासी दारानगर गंज को धर दबोचा। आरोप है वह अपनी ई-रिक्शा लेकर किसानों के नलकूपों पर पहुंचा और आरी के पत्ते से समरसेबल का तांबे का केबल काट लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मुकेश कुमार और एचएम राज बहादुर शामिल रहे।

# राकेश टिकैत से आशीर्वाद लिया

**नूरपुर ( चिंगारी )।** प्रयागराज में माघ मेले के दौरान भारतीय किसान यूनियन का चार दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर सम्पन्न हुआ। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय चिंतन शिविर प्रयागराज में नूरपुर के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चंद्रपाल सिंह को जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान के साथ चौधरी राकेश टिकैत के द्वारा आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इस चिंतन शिविर में किसान एकता और संघर्ष को और मज़बूत करने का संकल्प लिया गया। किसानों के अधिकार, समस्याओं और भविष्य की दिशा पर गंभीर मंथन के साथ यह शिविर सकुशल एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों एवं किसान साथियों की सक्रिय भागीदारी रही।



# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा



मुख्यमंत्री का सीधा प्रसारण देखते पालिका बोर्ड।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** रविवार की अपराह्न मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के दो लाख प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के खातों में दो हजार करोड़ की धनराशि का हस्तांतरण किया गया। पालिकाध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार ने नगर क्षेत्र के 386 लाभार्थियों के खातों में भी पैसे डाले, जिससे उनके चेहरों पर मुस्कुराहट आई। पालिकाध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह ने लाभार्थियों के खातों में पैसे भेजने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुनने की व्यवस्था नगर पालिका परिषद के शहीद भगत सिंह सभागार में की गई। नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व कार्यक्रम में निकाय बोर्ड के सभासद, निकाय के कर्मचारी, प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थी उपस्थित रहे।

# पोक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**नूरपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि करीब दो सप्ताह पूर्व उसकी नाबालिग बेटी प्रैक्टिकल देने स्कूल गई थी, लेकिन घर वापस नहीं लौटी। पीड़ित व्यक्ति ने आरोपी युवक रोहित के विरुद्ध अपनी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने रविवार को आरोपी युवक को गिरफ्तार करके उसका चालान कर दिया है।



# घर के आगे आवारा कुत्ते को रोटी देने पर दर्ज होगा मुक़दमा

## नगर पालिका ने झील पार्क पर स्थान चिन्हित किया, 152 कुत्तों की नसबंदी कराई

**नहटौर ( चिंगारी )।** अब आपको घर के सामने आवारा कुत्ते को रोटी खिलाना मंहगा पड़ सकता है। कुत्तों द्वारा लोगों को काटे जाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मद्देनजर स्थानीय नगर पालिका ने ऐलान किया है कि अगर कोई व्यक्ति अपने घर के आगे या सड़क पर कहीं किसी आवारा कुत्ते को रोटी खिलायेगा तो उसके विरूद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया जायेगा। नगर पालिका के ईओ ओम गिरि ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के द्वारा आवारा कुत्तों को घर के आगे रोटी खिलाने पर लगाये गये प्रतिबंध के मद्देनजर नगर पालिका ने झील पार्क पर पुरानी टंकी के पास स्थान चिन्हित किया है, जहां पर आवारा कुत्तों को रोटी दी जा सकती है। इसके साथ ही ईओ ओम गिरि ने बताया कि बिजनौर की संस्था आनंद चेरिटेबिल ट्रस्ट के माध्यम से नहटौर में अब तक 152 कुत्तों की नसबंदी करा दी गई है।

## बालिका सहित 4 को कुत्तों ने काटा

**नहटौर ( चिंगारी )।** क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा। आये दिन हो रही घटनाओं से जनमानस में भय का माहौल बना हुआ है। रविवार को अलग अलग स्थानों पर कुत्तों ने एक बालिका सहित चार लोगों को काट लिया। रविवार को गांव चक गोवर्धन निवासी राजवीर पुत्र रघुनाथ, कुमारी अलपना पुत्री यशपाल, अजय कुमार पुत्र राकेश गांव रूखडियो, जेठू पुत्र राम सिंह मोहल्ला होलियाना को कुत्ते ने काट लिया। चारों के परिजनों ने उन्हें रविवार को सीएससी में भर्ती कराया। एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगा कर व प्राथमिक उपचार करके उन्हें घर भेज दिया। इसके अलावा 30 लोगों को पूर्व में काटे गए कुत्तों द्वारा इंजेक्शन लगाए गए। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष आर्य का कहना है कि नागरिक आवारा कुत्तों को दृष्टिगत रखते हुए बच्चों को अकेला बाहर ना भेज। सीएससी पर कुत्ता काटने वाली वैक्सीन पर्याप्त है।

# किसानों के सामने गुलदार ने नील गाय के बच्चे को शिकार बनाया

**पैजनिया ( चिंगारी )।** आज सुबह गांव पैजनिया के भूड के जंगल में गुलदार ने नीलगाय के बच्चे को निवाला बना लिया। इस घटना से खेतों में काम कर रहे किसानों मजदूरों में दहशत व्याप्त हो गई और वह काम छोड़कर अपने घरों को लौट आये। किसानों ने वन विभाग से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है। सोमवार को सुबह गांव के विनीत त्यागी, अवनीश सैनी, बिन्नी त्यागी, संजय त्यागी, दीपक त्यागी, मोहित त्यागी, राजीव त्यागी आदि किसान मजदूरों से अपने खेतों में गन्ने की छिलाई करा रहे थे। इस दौरान गुलदार ने दीपक त्यागी के खेत में नील गाय के बच्चे को निवाला बना लिया। यह देख किसान एवं मजदूर घबराकर अपने घरों को लौट आए। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी चांदपुर दुष्यंत कुमार ने बताया कि मौके पर वन विभाग की टीम को भेजा जा रहा है और जल्द ही पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने का प्रयास किया जाएगा।

# मस्जिद-मदरसे के बाग़ से आम का पेड़ काटा

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर की जामा मस्जिद व मदरसा इस्लामिया रियाज उल उलूम की कमेटी के सदस्यों ने पुलिस को तहरीर देकर एक व्यक्ति पर मस्जिद व मदरसे के मुश्तरका बाग से आम का एक पेड़ काटकर ले जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गुहार की है। कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि ग्राम शहजादपुर के पास मस्जिद-मदरसे का 40 बीघा का बाग है। आरोप है कि दो दिन पूर्व गांव शाहजादपुर निवासी एक व्यक्ति बाग से एक पेड़ काटकर ले गया है, जिससे कमेटी के लोगों में रोष व्याप्त है। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने तहरीर मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच कराकर दोषी के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# एसडीएम सदर ने किया कई बूथों का निरीक्षण



**बिजनौर ( चिंगारी )।** एसडीएम सदर रितु रानी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि रविवार 18 जनवरी को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाया गया। जिसके तहत बूथ पर मतदाता सूची बीएलओ द्वारा सभी की उपस्थिति में पढ़कर सुनाई गई तथा मतदाताओं के अवलोकन हेतु एसडी सूची भी बूथ पर रखी गई। साथ ही नये मतदाता व ऐसे मतदाता जिनका नाम वोटर लिस्ट में शामिल किया जाना है, के प्रारूप 6 व संसोधन हेतु प्रारूप 8 भरवाये गये। सभी बीएलओ व सुपरवाईजर अपने-अपने बूथ पर उपस्थित रहे। एसडीएम सदर रितु रानी द्वारा आर्य समाज, लुईस ली पार्कर स्कूल व आईटीआई स्थित बूथों का निरीक्षण किया गया।

# कार की टक्कर से दो व्यक्ति घायल

**किरतपुर ( चिंगारी )।** कार में ई रिक्शा की टक्कर में दो व्यक्त घायल हो गये। गंभीर हालत देखते हुए दोनों को बिजनौर रैफर कर दिया गया। कस्बा इंचार्ज दीपक नागर ने बताया कि कल शाम 6:30 बजे इतवार बाजार के पास गाड़ी संख्या UP 15AK 9329 के चालक द्वारा तेजी व लापरवाही से चलते हुए सड़क पर जा रही ई रिक्शा P 20 BT6112 को टक्कर मार दी, जिससे रिक्शा चालक मौहम्मद फरहान पुत्र निसार निवासी हुसैनपुर की रीड की हड्डी में चोट आई और रिक्शा में सवार श्रीमती हसीना बानो पत्नी इब्राहिम मोहल्ला अंसारियां किरतपुर के सर में चोट आई। घटना से रास्ता जाम हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया और दोनों को प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों की गंभीर हालत देखते हुए बिजनौर रेफर कर दिया गया।

# असामाजिक तत्वों को बख़्शा नहीं जायेगा

## शांति समिति की बैठक में बोले थाना प्रभारी

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती व महाशिवरात्रि को लेकर थाना परिसर पर शांति समिति की एक बैठक का आयोजन हुई, जिसमें थाना प्रभारी निरीक्षक हीमपुर दीपा जय भगवान सिंह ने लोगों को कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुये सभी त्यौहारों को परंपरागत ढंग से मनाने का आह्वान किया। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि शराब पीकर उत्पात मचाने वालों और अराजक तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। चिन्हित कराकर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने बताया कि गांव-गांव टीमें गठित की जा रही है। सभी टीमें सदस्य वहां मूर्ति और आयोजन स्थल तथा हर एक घटना पर हर पल पैनी नजर रखेंगे। बैठक में पुलिस पेंशनर ग्राम प्रधान तथा गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। बैठक को पूर्व पुलिस इंस्पेक्टर कोमल सिंह, वीर सिंह, शब्बन प्रधान, सलीम अहमद, शमशाद उर्फ पप्पू, प्रधान सोमपाल सिंह, संजय सिंह आदि वक्ताओं ने संबोधित किया।

# भाजपाइयों ने फार्म 6 व फार्म 8 भरवाये

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अन्तर्गत बिजनौर विधानसभा के आदमपुर मंडल के जलालपुर काजी शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 326, 327, 328, 329, 330, 331, तीबड़ी शक्ति केंद्र के 324, 325, लडापुरा के बूथ संख्या 235, 236, 237, 238 तथा तैमूरपुर 2 के 191, 192 पर विशेष अभियान के अंतर्गत नये वोट बनवाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बूथ पर सम्पर्क किया तथा बीएलओ से मिलकर फार्म 6 देकर नये वोट बनवाए तथा ज्यादा से ज्यादा नए वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही मतदाता



सूची में सुधार के लिए फार्म 8 भी भरवाए। इस अवसर पर संजीव गुप्ता संयोजक विधानसभा बिजनौर गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान (SIR) एवं बीएलए 1 बिजनौर विधानसभा, आशीष शर्मा मंडल महामंत्री एवं संयोजक गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान (SIR), आदमपुर मंडल आशीष शर्मा, मंडल मंत्री दीपक पाल, मंडल मंत्री एवं शक्ति केंद्र संयोजक अर्जुन सैनी, बूथ अध्यक्ष विजयपाल, शुभम अग्रवाल, दीपक, सुरेन्द्र पाल, भोलू भैया आदि मौजूद रहे।

# हिन्दू सम्मेलन में संघ की 100 वर्षों की यात्रा का वृत्तांत सुनाया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** कीर्तिनगर की अंबेडकर बस्ती का हिंदू सम्मेलन का कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर में संपन्न हुआ, जिसकी एक आयोजन समिति गठित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर के प्रसिद्ध पंडित सूर्यदीप शर्मा द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया गया। सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में पुरुष, महिलाएं व बच्चे





पहुंचे। सम्मेलन स्थल पर एक प्रदर्शनी भी लगाई गई और साहित्य बिक्री का भी स्टाल लगाया, जहां पर लोगों ने पुस्तक खरीदी। कार्यक्रम स्थल को रंगोली द्वारा सुसज्जित किया गया था। मुख्य वक्ता के रूप में संघ के सह जिला कार्यवाहक सनत जी रहे। उन्होंने संघ की 100 वर्षों की यात्रा के बारे में बताया। उनके बाद सह सामाजिक समरसता प्रमुख श्री मान महावीर जी ने हिंदुत्व के बारे में बताया और अंत में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री हनी अहलावत ने पंच परिवर्तन के विषय में समझाया। हिंदू सम्मेलन में कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रम अक्ष, शांतनु तथा श्री देवाशंकर सरस्वती विद्या मंदिर की छात्राओं द्वारा आयोजित किये गए। कार्यक्रम के पश्चात आयोजन समिति के अध्यक्ष रामबहादुर जी ने अंत में सभी का आभार प्रकट किया।



## राशिफल

विमल जैन
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**मंगलवार, 20 जनवरी 2026**

मेष- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, कार्य व्यवसाय में उन्नति, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, रचनात्मक क्रियाकलापों में अभिरुचि, शिक्षा प्रतियोगिता में अनुकूलता।

वृषभ- आज दिन 4/41 बजे तक कठिनाइयां, कार्यों के प्रति उदासीनता, योजना अधूरी, शेष समय बेहतर, परोपकार की भावना जागृत, कुछेक कार्य बनने को।

मिथुन- आज दिन 4/41 बजे तक लाभ का सुयोग, स्वाध्याय की ओर रुझान, धर्म-अध्यात्म में आस्था, शेष समय अशुभ, सफलता में संदेह, आय में न्यूनता।

कर्क- स्वास्थ्य अनुकूल, इच्छित कार्यों में प्रगति, आत्मबल में वृद्धि, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, विवादास्पद मसला सुलझने को, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति।

सिंह- इच्छित कार्यों में सफलता, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, राजनैतिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, यात्रा सुखद।

कन्या- आज दिन 4/41 बजे तक प्रतिकूलता, उलझनें उपस्थित, कार्यों में गतिरोध, हानि की आशंका, शेष समय आशाजनक, कार्यों में सफलता, पठन-पाठन में रुचि।

तुला- आज दिन 4/41 बजे तक अनुकूलता, स्वास्थ्य में सुधार, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, शेष समय में स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, कार्य क्षमता में कमी, मित्रों से गलतफहमी।

वृश्चिक- अभिलाषा की पूर्ति, स्वास्थ्य सुधार पर, व्यापार में धन निवेश, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति का प्रयास, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, वैवाहिक जीवन सुखमय।

धनु- चिरवांछित कार्यों में प्रगति, समस्या के समाधान हेतु स्वजनों से विचार-विमर्श, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, पारस्परिक सम्बन्धों में मधुरता, हर्ष भी।

मकर- आज दिन 4/41 बजे तक स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, कठिनाइयां प्रभावी, लाभ में कमी, शेष समय बेहतर, आत्मसंयम से कार्यसिद्धि, पठन-पाठन में रुचि।

कुम्भ- आज दिन 4/41 बजे आर्थिक व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, दाम्पत्य जीवन में प्रगाढ़ता, शेष समय आरोग्य सुख में कमी, कार्यों में असन्तोष, अकारण भ्रमण।

मीन- ग्रहस्थिति भाग्य पक्ष में, बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, राजनैतिक कृत्यों में संलग्नता, यात्रा संतोषजनक।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# यूपी में निवेश का यह 'गोल्डन टाइम' - योगी

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज निवेशकों के लिए देश का सबसे भरोसेमंद और तेजी से आगे बढ़ता राज्य बन चुका है। उन्होंने कहा कि बीते साढ़े आठ वर्षों में नीति-स्थिरता, सुशासन और त्वरित निर्णय प्रक्रिया के चलते प्रदेश में औद्योगिक माहौल पूरी तरह बदला है और यह समय उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए 'गोल्डन टाइम' है।

रविवार को मुख्यमंत्री ने यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में इंडिया चिप प्रा. लि., एसेंट सर्किट प्रा. लि., अंबर इंटरप्राइजेज इंडिया लिमिटेड को औद्योगिक इकाइयों की स्थापना तथा बोधिसत्व चैरिटेबल ट्रस्ट को मेडिकल कॉलेज स्थापना के लिए भूमि आवंटन पत्र सौंपे। निवेशकों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए उन्हें सरकार और प्राधिकरण से हरसंभव सहयोग मिल रहा है और अन्य राज्यों की तुलना में यहां विकास कार्यों की गति अधिक तेज है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की नीति 'उद्योग प्रथम, निवेश प्रथम' है और इसी दिशा में यूपी



ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से प्रदेश को 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

इनमें से 15 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं, जबकि शीघ्र ही 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्तावों को भी जमीनी रूप देने की तैयारी है।

उन्होंने कहा कि मजबूत कानून व्यवस्था, बेहतर कनेक्टिविटी और विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर यूपी की नई पहचान है। देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क, अंतर-राज्यीय फोरलेन-सिक्सलेन कनेक्टिविटी, प्रत्येक जिला मुख्यालय को फोरलेन से जोड़ने की व्यवस्था और देश के कुल एक्सप्रेस-वे का 55 प्रतिशत हिस्सा उत्तर प्रदेश में होना निवेशकों का भरोसा बढ़ा रहा है।

उन्होंने बताया कि यूपी सर्वाधिक शहरों में मेट्रो संचालन वाला राज्य बन चुका है और दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल नई कनेक्टिविटी का उदाहरण है। योगी ने कहा कि जल्द ही जेवर में प्रदेश का पांचवां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा प्रारंभ होगा, जो यात्री परिवहन के साथ कार्गो परिवहन का बड़ा केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में बड़े निवेश आ रहे हैं, जिससे हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि यीडा सहित सभी विकास प्राधिकरण निवेश प्रक्रिया को तेज, समयबद्ध और पारदर्शी बनाएं तथा औद्योगिक इकाइयों की जरूरत के अनुसार ट्रेंड मैनपॉवर तैयार करने पर विशेष कार्य करें।

# दिल्ली में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का शूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के एक सदस्य को जबरन वसूली रैकेट के सिलसिले में गिरफ्तार किया है, जिसमें कथित तौर पर राजस्थान के एक बिजनेसमैन को 4 करोड़ रुपये के लिए धमकी दी गई थी। आरोपी की पहचान प्रदीप शर्मा (23) के रूप में हुई है, जो आगरा का रहने वाला है। उसे शुक्रवार को दक्षिण पश्चिम दिल्ली के उत्तम नगर से गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के आगरा निवासी 23 वर्षीय शूटर प्रदीप शर्मा उर्फ गोलू को 16 जनवरी को पश्चिमी दिल्ली के उत्तम नगर से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि राजस्थान में संगठित अपराधों में वृद्धि के बाद अपराध शाखा ने सक्रिय गिरोह के सदस्यों का पता लगाने के प्रयासों को तेज कर दिया था, जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, शर्मा राजस्थान में दर्ज कई मामलों में वांछित है। उस पर संगठित अपराध गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल होने और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्यों को अवैध हथियारों की आपूर्ति करने का संदेह है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी को मई 2025 में राजस्थान में जबरन वसूली और गोलीबारी के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। पिछले साल मार्च में गिरोह के सदस्यों ने गंगानगर के जवाहर नगर इलाके में एक व्यापारी से कथित तौर पर चार करोड़ रुपये की जबरन वसूली करने की कोशिश की थी। जब व्यापारी ने पैसे देने से इनकार कर दिया, तो मई में शर्मा और उसके साथियों ने कथित तौर पर उसके घर पर गोलीबारी की। अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद जवाहर नगर पुलिस थाने में मामला दर्ज कर शर्मा और अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया।

**राजस्थान पुलिस का वांटेड अपराधी, हथियारों की तस्करी का भी आरोप**

# अंकिता भंडारी प्रकरण, उर्मिला सनावर के बाद अब सुरेश राठौर कोर्ट में हुए पेश

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** बहुचर्चित अंकिता भंडारी प्रकरण से जुड़े वायरल ऑडियो क्लिप मामले में अभिनेत्री उर्मिला सनावर के बाद शनिवार को पूर्व विधायक सुरेश राठौर भी अपनी आवाज की जांच के लिए अदालत में पेश हुए। न्यायिक प्रक्रिया के तहत दोनों के वॉयस सैंपल सुरक्षित कर लिए गए हैं, जिन्हें परीक्षण के लिए केंद्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जाएगा। अंकिता भंडारी हत्याकांड से जुड़े विवादित दावों की ऑडियो क्लिप को लेकर जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) लगातार साक्ष्य जुटाने में लगी है। इसी कड़ी में शनिवार को पूर्व विधायक सुरेश राठौर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम की अदालत में पेश हुए। न्यायालय की अनुमति और मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस की फोरेंसिक टीम ने उनके वॉयस सैंपल सुरक्षित किए। इससे एक दिन पहले शुक्रवार को अभिनेत्री उर्मिला सनावर भी अदालत में उपस्थित हुई थीं। उन्होंने न सिर्फ अपना मोबाइल कोर्ट में जमा कराया, बल्कि अपनी आवाज के नमूने भी दिए थे। एसआईटी का उद्देश्य वायरल ऑडियो क्लिप में सुनाई दे रही आवाजों की वैज्ञानिक पुष्टि करना है। गौरतलब है कि वायरल ऑडियो को लेकर हरिद्वार और देहरादून में चार अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज की गई हैं, जिनकी जांच एसआईटी कर जा रही है।



# नोटों की गड्डियों के साथ भाजपा नेता का वीडियो वायरल

महराजगंज (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले के भाजपा जिला मंत्री गौतम तिवारी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सनसनी फैला रहा है, जिसमें वह 500 के नोटों के ढेर के साथ दिख रहे हैं। एक महीने पुराने इस मामले में वाराणसी के जालसाजों ने हाथ की सफाई और चमत्कार दिखाकर नेताजी समेत चार लोगों को अपने जाल में फंसाया। तंत्र-मंत्र के जरिए पैसे बढ़ाने का लालच देकर आरोपियों ने बैंक खातों में 1.43 करोड़ रुपये ट्रांसफर करवाए। ठगी का अहसास होने पर जब नेता ने पैसे वापस मांगे, तो जालसाजों ने ब्लैकमेल करने की नीयत से उनका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। मुख्य आरोपी ने वाराणसी से आकर महराजगंज के भाजपा जिला मंत्री और उनके साथियों से संपर्क किया।



उसने हवा में हाथ हिलाकर 50 हजार रुपये की गड्डी पैदा करने का चमत्कार दिखाया। इस झांसे में आकर नेताजी और उनके साथियों ने अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी और मकान तक बेच दिये ताकि 1.43 करोड़ रुपये जुटा सकें। यह रकम आरोपियों के खाते में ट्रांसफर कर दी गई। जब भाजपा नेता ने बनारस जाकर अपना पैसा वापस मांगा, तो आरोपियों ने उन्हें एक कमरे में रखा नोटों का ढेर दिखाया। नेता ने जब नोट छूने की कोशिश की, तो उन्हें यह कहकर रोक दिया गया कि यह पैसा तंत्र-मंत्र किया हुआ है और छूने से अनर्थ हो जाएगा। इसी दौरान चुपके से उनका वीडियो बना लिया गया। नेता का कहना है कि उन्हें केवल फंसाने के लिए वहां ले जाया गया था। इस हाई-प्रोफाइल मामले में कोतवाली पुलिस का कहना है कि उन्हें फिलहाल कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। इंस्पेक्टर निर्भय सिंह के मुताबिक, प्रार्थना-पत्र मिलते ही मामले की गहन जांच की जाएगी और उचित कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# अग्निवीर योजना के विरुद्ध युंकाइयों ने किया प्रदर्शन




कोटद्वार के काशीरामपुर तल्ला स्थित भर्ती मैदान के बाहर सोमवार को यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अग्निवीर योजना के खिलाफ किया प्रदर्शन।

कोटद्वार ( चिंगारी )। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अग्निवीर योजना का विरोध करते हुए काशीरामपुर तल्ला स्थित भर्ती मैदान के बाहर प्रदर्शन किया और पूर्व की भर्ती योजना को लागू करने की मांग की।

रविवार को यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय रावत के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता काशीरामपुर तल्ला में एकत्रित हुये। वहां पर उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह योजना युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। युवा और आम जन आरंभ से ही इस योजना का विरोध कर रहे हैं। लेकिन केंद्र सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। मौके पर पूर्व की भाँति भर्ती प्रक्रिया से युवाओं को भर्ती करने व पूर्व में अग्निवीर योजना से भर्ती हुए युवाओं को नियमित करने की मांग की गई। प्रदर्शन करने वालों में नीरज बहुगुणा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष हिमांशु बहुखंडी, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल ,पूर्व छात्र संघ महासचिव शुभम सुयाल, दीपक, मनीष रावत व अंकुर केष्टवाल सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### योजना को युवाओं के भविष्य से बताया खिलवाड़

## चौथे दिन 1168 युवाओं ने लिया भर्ती रैली में भाग, मौसम ने दिया पूरा साथ

कोटद्वार ( चिंगारी )। सेना भर्ती कार्यालय लैंसडाउन की ओर से कोटद्वार के कौड़िया स्थित गबर सिंह कैंप में चल रही भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली के चौथे दिन रविवार को चमोली की जिलासू, उत्तरकाशी की मोरी व रुद्रप्रयाग व ऊखीमठ तहसीलों के पंजीकृत 1168 युवाओं ने भर्ती रैली में भाग लिया। चौथे दिन भी मौसम ने युवाओं का पूरा साथ दिया और सुबह से ही धूप खिली रही। भर्ती रैली के लिए सुबह चार बजे से प्रवेश स्थल काशीरामपुर तल्ला स्थित मैदान में युवा जुटने शुरू हो गए थे। आधार कार्ड सत्यापन व प्रवेश पत्रों की जांच के बाद युवाओं को भर्ती मैदान में ले जाया गया। इस दौरान युवाओं ने शारीरिक मापदंड में अपना दमखम दिखाया। सेना की ओर से निर्धारित समय में दौड़ पूरी करने वाले युवा शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए जाएंगे। सेना के विशेषज्ञ शारीरिक दक्षता और शिक्षा विभाग के कर्मचारी उनके शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की जांच करेंगे। इसके बाद चयनित युवाओं का मेडिकल परीक्षण होगा। वहीं भर्ती रैली में आए युवाओं ने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

बताते चलें कि भाजयुमो व अभाविप सहित कई सामाजिक संगठनों की ओर से युवाओं के लिए निशुल्क भोजन व आवास व्यवस्था की गई है, जिससे युवाओं को किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। भर्ती में आज- 19 जनवरी सोमवार को रुद्रप्रयाग जिले की बसुकेदार और जखोली तहसील, टिहरी जिले की बालगंगा, देवप्रयाग, धनोल्टी, गजा और घनसाली तहसीलों के युवा रैली में अपनी शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।

## केन्द्र सरकार, निरंतर तेज कर रही विकास की रफ्तार : विपुल मेंदोली

### भाजपा ने 'बीबी जी राम जी' को लेकर आयोजित की जनजागरण कार्यशाला

कोटद्वार ( चिंगारी )। भारतीय जनता पार्टी, सांगठनिक जनपद कोटद्वार की ओर से रविवार को दुगड्डा नगर पालिका सभागार में केंद्र सरकार की वीबी जी राम जी (विकसित भारत गारंटी फोर रोजगार एवं आजीविका-ग्रामीण) योजना के जन-जागरण के उद्देश्य से जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रधानमंत्री के विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने में योजना की भूमिका और महत्व पर चर्चा की गई।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विपुल मेंदोली ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने बीते वर्षों में विकास की रफ्तार को तेज करने के लिए ऐतिहासिक और दूरदर्शी सुधार किये हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। कहा कि योजना के अंतर्गत रोजगार दिवसों को बढ़ाकर 125 दिन किया गया है, योजना के तहत कार्य का भुगतान 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया गया है, यदि किसी कारणवश भुगतान में देरी होती है, तो लाभार्थी को ब्याज सहित भुगतान प्राप्त होगा। जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश को विकसित राष्ट्र बनाने की यात्रा निर्णायक मोड़ पर है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की नींव विकसित गांवों पर टिकी होती है, और विकसित भारत गारंटी फोर रोजगार एवं आजीविका (ग्रामीण) योजना इसी दिशा में एक मजबूत कदम है। जिला प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री नेहा जोशी ने कहा कि विकसित भारत गारंटी फोर रोजगार एवं आजीविका (ग्रामीण) योजना समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे हर गांव और हर परिवार तक इस योजना की जानकारी पहुंचाएं।

कार्यशाला में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह बिष्ट, महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत, राजेन्द्र अन्थवाल, उमेश त्रिपाठी, अभियान के जिला संयोजक विजयानंद पोखरियाल, जिला महामंत्री सुरेन्द्र आर्य और पूर्व ब्लॉक प्रमुख महेन्द्र राणा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## डॉ. तृप्ति दीक्षित अवध विवि में हुई सम्मानित

कोटद्वार ( चिंगारी )। राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार में गणित विभागाध्यक्ष डॉ. तृप्ति दीक्षित को अवध विवि में कुछ दिन पूर्व सोसाइटी फॉर मैथेमैटिकल एंड कंप्यूटेशनल रिसर्च बोर्ड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सांख्यिकी गणित में विशिष्ट योगदान देने पर आउटस्टैंडिंग वूमेन साइंटिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। रविवार को यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर डीएस नेगी ने बताया कि वर्तमान में महाविद्यालय के छात्र व प्राध्यापक कई क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान दे रहे हैं। संबधित संस्थाओं द्वारा उन्हें सम्मानित करने से क्षेत्र व महाविद्यालय का नाम रोशन हो रहा है, जो गर्व का विषय है। वहीं डा. तृप्ति दीक्षित की इस उपलब्धि पर पूरे महाविद्यालय परिवार ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942




## गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व मनाया गुरुवाणी पाठ किया, अटूट लंगर बरताया

कोटद्वार ( चिंगारी )। श्री गुरुद्वारा माता बेसरी बाई रिफ्यूजी कॉलोनी में श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज जी का प्रकाश पर्व धूमधाम मनाया गया। इस अवसर पर गुरुवाणी पाठ, स्त्री सत्संग कीर्तन तथा गुरु का लंगर अटूट बांटा गया। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सिंह सभा गोविंद नगर कोटद्वार के रागी सिंघ जी द्वारा कीर्तन दीवान सजाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब के अध्यक्ष सरदार महेंद्र सिंह, बलराम भाटिया, मनोज कुमार सैनी, राजकुमार छाबड़ा, गुलशन जडेजा, स्त्री सत्संग की प्रधान प्रवेश भाटिया आदि शामिल थे। गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी ज्ञानी प्रताप सिंह जी ने गुरु गोविंद सिंह जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए प्रवचन दिये। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी, महापौर शैलेंद्र सिंह रावत, पूर्व मेयर हेमलता नेगी, कांग्रेस नेता संजय मित्तल, भाजपा नेता वीरेंद्र सिंह रावत, उत्तरांचल पंजाबी महासभा के अध्यक्ष मुकेश मल्होत्रा, जिला अध्यक्ष अनिल भोला, गुरबचन सिंह आदि मौजूद थे।

## प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने अजय खंतवाल



कोटद्वार ( चिंगारी )। कोटद्वार प्रेस क्लब के वार्षिक चुनाव में दैनिक जागरण के चीफ ब्यूरो अजय खंतवाल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष व दिनेश गुसाईं को सचिव चुन लिया गया। देवी मार्ग स्थित एक होटल में आयोजित प्रेस क्लब की बैठक में सर्वसम्मति से अजय खंतवाल को अध्यक्ष, दिनेश गुसाईं सचिव, विमल ध्यानी उपाध्यक्ष, चन्द्रजीत सिंह बिष्ट सह सचिव, अनुपम भारद्वाज कोषाध्यक्ष, चुनें गये। चंद्रमोहन शुक्ला, आशीष बलोधी, राजेश सेमवाल, नरेंद्र सिंह नेगी, चंद्रेश लखेड़ा, नरेश थपलियाल, रणवीर सिंह, दीपक सुयाल, जगमोहन रावत, अरविंद दुदपूडी, कमल बिष्ट, विवेक बनियान, सुभाष नोटियाल, शराफत अली को कार्यकारिणी में सदस्य चुना गया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# स्कूल गये कई दिनों के बाद बड़ी आई छुट्टियों की याद

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** भीषण ठंड की लंबी छुट्टियों के बाद, करीब एक महीने बाद आज जैसे ही स्कूल खुले, बच्चों के चेहरे ऐसे उतर गए मानो उनसे कोई अनमोल खजाना छिन गया हो। भीषण ठंड के चलते लगभग एक माह तक बंद रहे स्कूलों के पुन: खुलने पर सोमवार को स्कूल परिसरों में बच्चों की मिली-जुली भावनाएं देखने को मिलीं। लंबे अवकाश के बाद जैसे ही स्कूल की घंटी बजी बच्चों के चेहरों पर पढ़ाई से ज्यादा ठंड और छुट्टियों के खत्म होने का अफसोस साफ झलकता नजर आया। ठिठुरती सुबह में रजाई और कंबल छोड़कर स्कूल ड्रेस पहनना कई बच्चों के लिए सबसे बड़ी चुनौती रहा। सुबह-सुबह बस स्टॉप और स्कूल गेट पर



खड़े बच्चे हाथों में दस्ताने, सिर पर ऊनी टोपी और गर्दन में मफलर लपेटे हुए नजर आए। कुछ बच्चे उनींदी आंखों से स्कूल बैग को देखते रहे। मानो वह पूछ रहा हो, इतनी जल्दी क्यों? वहीं स्कूल परिसर में प्रवेश करते ही बच्चों के बीच छुट्टियों के किस्से, देर तक सोने और घर पर रहने की आज़ादी की बातें चलती रहीं। कक्षा में पहुंचने के बाद भी बच्चों का मन पढ़ाई में कम और छुट्टियों की यादों में ज्यादा भटका रहा। कई बच्चों ने मासूमियत से कहा कि ठंड अभी खत्म नहीं हुई है छुट्टियां कुछ दिन और मिलनी चाहिए थीं। हालांकि दोस्तों से मिलकर बच्चों के चेहरे पर हल्की मुस्कान जरूर लौटी, लेकिन किताबें खुलते ही वह मुस्कान फिर धीमी पड़ गई। अभिभावकों का कहना है कि मौसम अभी पूरी तरह अनुकूल नहीं है, फिर भी बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसलिए स्कूल भेजना जरूरी है। वहीं विद्यालय प्रबंधन द्वारा कक्षाओं में ठंड से बचाव के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

# राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करें स्वयंसेवक- मुकेश कुमार

**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम मिलक मुकीमपुर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में एक भव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। संघ की 100 वर्षों की गौरवशाली यात्रा, हिंदुत्व की सांस्कृतिक गहराई और सामाजिक सुधार के लिए पंच परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता, विभाग कार्यवाह मुकेश कुमार ने संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कहा कि पिछले 100 वर्षों से निरंतर राष्ट्र सेवा और व्यक्ति के चरित्र निर्माण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने स्वयंसेवकों से राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करने का आह्वान किया।



विशिष्ट वक्ता कुलदीप विद्यार्थी ने हिंदुत्व की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह मात्र एक उपासना पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक गहरी सांस्कृतिक पद्धति है। उन्होंने इसकी उदारता और व्यापकता के बारे में जानकारी दी। प्रान्त सह संयोजक मूलचंद सिंह ने पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव का रोडमैप पेश किया। सम्मेलन की अध्यक्षता बिरेन्द्र सिंह ने की, जबकि मंच संचालन हिमांशु और सतीश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर मृत्युंजय, सचिन, चन्द्रसेन, अर्जुन, देवेंद्र सिंह, थम्मन सिंह सहित भारी संख्या में क्षेत्रवासी और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# आवारा कुत्तों पर चिप लगाकर निगरानी करेगी सरकार

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** दिल्ली नगर निगम ( एमसीडी ) आगामी बजट में आवारा कुत्तों पर माइक्रोचिप लगाने और टीकाकरण के लिए लगभग 35 करोड़ रुपये का प्रावधान करेगा। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। माइक्रोचिप लगाने की प्रक्रिया में किसी



जानवर की त्वचा के नीचे एक एकीकृत चिप लगाई जाती है, जिसके जरिए उसके टीकाकरण का रिकॉर्ड, स्थान और पहचान जैसी जानकारियां दर्ज की जाती हैं। नगर निगम के अधिकारियों ने कहा कि यह बजटीय प्रावधान दिल्ली में आवारा कुत्तों की आबादी के बेहतर प्रबंधन के लिए किया जा रहा है, जो सार्वजनिक सुरक्षा और पशु स्वास्थ्य को लेकर बढ़ती चिंताओं को दर्शाता है।

अधिकारियों के मुताबिक, इस राशि में से 20 करोड़ रुपये नगर निगम सीधे खर्च करेगा, जबकि शेष 15 करोड़ रुपये पशु कल्याण के क्षेत्र में काम करने का अनुभव रखने वाले गैर-सरकारी संगठनों ( एनजीओ ) के साथ साझेदारी के माध्यम से खर्च किए जाएंगे। अधिकारियों ने कहा, एनजीओ के साथ यह तालमेल आवारा कुत्तों के टीकाकरण और उनकी निगरानी के लिए जरूरी जमीनी कामकाज का दायरा बढ़ाने और उसे तेज़ करने

**ख़बर जरा हटके**

के उद्देश्य से किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि निगम ने अगले 2-3 महीनों में दिल्ली में कम से कम 25,000 कुत्तों पर माइक्रोचिप लगाने और टीकाकरण का लक्ष्य भी तय किया है।

उन्होंने कहा, माइक्रोचिप से टीकाकरण का रिकॉर्ड, स्थान और पहचान जैसी अहम जानकारियां दर्ज की जा सकेंगी, जिनका इस्तेमाल आगे चलकर स्वास्थ्य की निगरानी करने और कुत्तों के काटने या बीमारी के प्रकोप जैसी स्थितियों में त्वरित कदम उठाने के लिए किया जा सकेगा। उन्होंने यह भी बताया कि एक माइक्रोचिप की लागत लगभग 300 रुपये होगी।

निगम मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के प्रयास के तहत बंदरों को पकड़ने और उनका स्थानांतरण करने के लिए 60 लाख रुपये के प्रावधान की भी योजना बना रहा है। एक अधिकारी ने कहा कि हमने पिछले साल की तुलना में बंदरों को पकड़ने और उनका स्थानांतरण करने के लिए आवंटित राशि को दोगुना कर दिया है।


गीजर ही गीजर
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।
खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

Gents Specialist
CLASSIC TAILORS
9927060150
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor